
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-166 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) गुरूवार 28 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी में एक साथ 3 सरकारी विभागों में खुली बंपर भर्ती

### 8वीं पास के लिए भी आया बड़ा मौका






( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे बेरोजगार युवाओं के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी आ चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से राज्य के युवाओं को रोजगार का एक शानदार तोहफा दिया गया है।

यूपी के अलग-अलग तीन विभागों में एक साथ नई भर्ती की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों को नौकरी पाने का एक सुनहरा अवसर मिलने वाला है। इन भर्तियों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और संविदा के पदों पर बंपर वैकेंसी निकाली गई हैं। खास बात यह है कि इसमें अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए कई तरह के पद शामिल हैं। यह भर्ती अभियान न केवल बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है, बल्कि राज्य में रोजगार के नए अवसरों को बढ़ाने की दिशा में भी सरकार का एक बेहद अहम कदम माना जा रहा है। इस रोजगार अभियान के तहत पहला मौका इटावा जिले से आ रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी, इटावा की ओर से विषय विशेषज्ञ यानी गेस्ट फैकल्टी के कुल 21 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अगर शैक्षणिक योग्यता की बात करें, तो इस भर्ती के लिए एमएससी की डिग्री रखने वाले उम्मीदवार आसानी से अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया को ऑफलाइन रखा गया है। आवेदन की शुरुआत 26 मई 2026 से हो चुकी है और उम्मीदवार 20 जून 2026 तक इसके लिए ऑफलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर इससे जुड़ी पूरी डिटेल्स चेक कर सकते हैं। भर्ती का दूसरा बड़ा मौका उन महिलाओं के लिए है जो कम पढ़ी-लिखी हैं और अपने ही इलाके में नौकरी करना चाहती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चित्रकूटकी तरफ से आशा वर्कर के कुल 40 पदों पर सीधी भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता सिर्फ 8वीं पास रखी गई है, यानी 8वीं पास ग्रामीण महिलाएं इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। इस भर्ती की आवेदन प्रक्रिया भी ऑफलाइन मोड में ही होगी। आवेदन करने की आखिरी तारीख 30 मई 2026 तय की गई है, इसलिए उम्मीदवारों को जल्द से जल्द फॉर्म भरना होगा। इस भर्ती को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर करने की दिशा में एक बहुत बड़ा फैसला माना जा रहा है। तीसरी भर्ती उच्च शिक्षा से जुड़े संस्थान में निकली है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने विभिन्न विभागों में संविदा के आधार पर 15 पदों के लिए वैकेंसी का विज्ञापन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन मोड में रखा गया है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की शुरुआत 24 मई 2026 से हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि 7 जून 2026 निर्धारित की गई है। जितने भी योग्य उम्मीदवार हैं, वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बिना समय गंवाए अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा कर सकते हैं। देखा जाए तो एक साथ आई इन तीनों भर्तियों से अलग-अलग योग्यता रखने वाले युवाओं को अपना करियर संवारने का बेहतरीन मौका मिलेगा। जहां एक तरफ उच्च शिक्षा प्राप्त यानी एमएससी पास कर चुके अभ्यर्थियों के लिए गेस्ट फैकल्टी बनने का चांस है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र की 8वीं पास महिलाओं के लिए भी स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर रोजगार पाने के द्वार खुल गए हैं। जानकारों का मानना है कि इस तरह की स्थानीय स्तर की भर्तियां न केवल बेरोजगारी की दर को कम करने में मददगार साबित होंगी, बल्कि इससे लोकल लेवल पर सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में भी काफी सुधार देखने को मिलेगा।

## अगर बकरे की कुर्बानी दी तो हम...', लखनऊ के कसमंडी किला बनाम मजार विवाद के बीच पासी समाज की चेतावनी



( यंग भारत न्यूज )

कसमंडी क्षेत्र को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है. पासी समाज से जुड़े योगेश पासी का दावा है कि कसमंडी की जमीन महाराजा कंस पासी की विरासत है और इसी वजह से इस इलाके का नाम कसमंडी पड़ा था.योगेश पासी का कहना है कि पिछले चार वर्षों से लगातार इस मुद्दे को उठाया जा रहा है. उनका आरोप है कि संबंधित स्थान पर अनैतिक तरीके से नमाज अदा की जा रही है. इस संबंध में कई बार प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.

योगेश पासी का यह भी कहना है कि अब युवा समाज जाग चुका है और बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में आगे आ रहे हैं. उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बकरीद नजदीक है और अगर त्योहार के दिन वहां बकरों की कुर्बानी दी गई तो विरोध स्वरूप सूअर की बलि देने का काम किया जाएगा. इसके साथ ही योगेश पासी ने आरोप लगाया कि जमीन को हथियाने की कोशिश की गई है. पासी समाज अब इस मामले को लेकर कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएगा और कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी. मामले को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है. हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इस बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. मलिहाबाद के कसमंडी कलां में विवादित स्थल पर हिन्दू संगठन पूजा पाठ करने पहुंचा, तब विवाद बढ़ गया. हिंदूवादी संगठनों ने यहां सांकेतिक पूजा की और इसी के साथ पाठ भी पढ़ा. प्रशासन ने इस स्थल पर बकरीद की नमाज पर रोक लगा दी है. ऐसे में अब हिन्दू संगठनों का कहना है कि यहां अगर शुक्रवार को नमाज हुई तो अब पूजा करेंगे. साथ ही प्रशासन को ज्ञापन दिया और इस मामले को कोर्ट में ले जाने की बात कही. विवादित स्थल पर पहुंचने पर हिंदू महासभा को रोक दिया गया. इसलिए हिंदू महासभा के लोगों ने परिसर से लगभग 200 मीटर की दूरी सांकेतिक पूजा की. हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने यहां कानून का पालन किया है. 200 मीटर दूरी से सांकेतिक पूजा की गई है. यह लड़ाई कानूनी रूप से लड़ी जाएगी. शिशिर चतुर्वेदी ने आगे कहा कि मौलाना की गिरफ्तारी होनी चाहिए और पासी समाज के लोगों को यह मंदिर सौंप दिया जाना चाहिए. फिलहाल, मौके पर पूरी तरीके से शांति है पुलिस और पीएसी जवानों की तैनाती की गई है. कंसा पासी के कथित किले का विवाद बढ़ते देख पुलिस ने उस ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेड लगा दिए हैं. चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है. एक के बाद जब दूसरा संगठन वहां पहुंचा, तब पुलिस ने उनको समझा बुझाकर शांत कराया और ज्ञापन लिया. मांग यह थी कि किले के भीतर मजार कैसे बनी? मौलाना को चिन्हित कर कार्रवाई हो. प्रशासन ने बकरीद पर यहां नमाज अदा नहीं करने का आदेश दिया है लेकिन आगे की स्थिति को लेकर पासी समाज में आक्रोश व्याप्त है. इस स्थल को लेकर अभी विवाद और भी गहरा होने की उम्मीद है.

### अवकाश सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बकरीद (ईद-उल-जुहा) के अवसर पर दैनिक यंग भारत (डिजिटल संस्करण) में 28 मई 2026 को अवकाश रहेगा तथा अगला अंक 29 मई 2026 को प्रकाशित होगा।

- प्रधान सम्पादक

## बंगाल की सत्ता से बेदखल ममता पर एफआईआर, हिंदुओं पर बयानबाजी से डूबी लुटिया! क्या-क्या कहा




( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की 15 साल पुरानी सत्ता समाप्त हो गई और भाजपा की सरकार बन गई। सुवेंदु अधिकारी नए मुख्यमंत्री बने। सत्ता से बेदखल होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कानूनी मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोप है कि उन्होंने 2025 में रेड रोड पर ईद कार्यक्रम और 2026 चुनाव से पहले रैली में हिंदू समुदाय और हिंदुत्व के खिलाफ भड़काऊ, ध्रुवीकरणकारी बयान दिए। यह मामला सिर्फ एक एफआईआर नहीं, बल्कि टीएमसी के अंदरूनी टूटते गठबंधन, विपक्षी हमलों और बंगाल की सांप्रदायिक राजनीति का आईना बन गया है। एफआईआर का आधार क्या? क्या कहा था ममता ने? आइए जानते हैं... 2025 ईद कार्यक्रम, रेड रोड, कोलकाता: ममता बनर्जी ने कहा था कि मैं रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद वाला धर्म मानती हूं, बीजेपी वाला 'गंदा धर्म' नहीं।' उन्होंने बीजेपी पर हिंदू धर्म को 'गंदा' बनाने का आरोप लगाया। बीजेपी ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया। सुवेंदु अधिकारी और अमित मालवीय ने इसे हिंदू-विरोधी करार दिया। 2026 चुनाव पूर्व रैली: कथित तौर पर हिंदू समुदाय को लक्ष्य करते हुए बयान दिए गए, जिसमें 'हम हैं इसलिए आप सुरक्षित हैं' जैसी टिप्पणियां शामिल बताई जा रही हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि इन बयानों से धार्मिक सद्भाव भंग हुआ और सांप्रदायिक तनाव बढ़ा। रिंकी चटर्जी ने बताया कि 2025 में उन्होंने प्रधाननगर पुलिस स्टेशन में शिकायत करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया और उनके साथ बदसलूकी की। सत्ता परिवर्तन के बाद अब सिलीगुड़ी साइबर पुलिस में मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं कानून की सबसे सख्त कार्रवाई का इंतजार कर रही हूं।

टीएमसी में दरार: अत्री शर्मा का बयान

सबसे बड़ा झटका टीएमसी के अंदर से आया। दार्जिलिंग जिला टीएमसी महासचिव और वकील अत्री शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को सत्ता में रहते हुए ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए थीं। हम जो पार्टी के प्रति वफादार रहे, इस रुख का समर्थन नहीं कर सकते। हालांकि, हर किसी को कानूनी रास्ते से शिकायत करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। यह बयान टीएमसी खेमे में हलचल मचा गया। विश्लेषकों का मानना है कि यह लंबे समय से दबी नाराजगी का खुला प्रदर्शन है। सत्ता हारने के बाद पार्टी में टूट के संकेत साफ दिख रहे हैं।

ममता के भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी पर भी दबाव बढ़ा है। उनके खिलाफ भड़काऊ बयानों के लिए अलग एफआईआर दर्ज।

सोमवार को कोलकाता पुलिस उनकी 'शांति निकेतन' रेसिडेंस पहुंची। टीम ने सुरक्षा से जुड़ा स्थष्ठ मॉनिटर और हार्ड डिस्क जब्त किए।

केएमसी ने 17 संपत्तियों को अनधिकृत निर्माण के नोटिस दिए।

'+ सुरक्षा वापस ली जा चुकी है।

टीएमसी ने इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' बताया, जबकि बीजेपी ने 'कानून का राज' कहा।

उपचुनाव: टीएमसी की करारी हार

टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान मात्र 7,783 वोटों पर सिमट गए और जमानत जब्त हो गई। बीजेपी के देबांग्शु पांडा ने भारी मतों से जीत हासिल की। यह परिणाम टीएमसी के पतन का प्रतीक माना जा रहा है। टीएमसी का पक्ष है कि ममता का बयान बीजेपी की 'फूट डालो और राज करो' नीति के खिलाफ था। उन्होंने हमेशा कहा कि सभी धर्मों का सम्मान, लेकिन राजनीतिक दुरुपयोग नहीं।' ममता खुद को हिंदू मानती हैं और रामकृष्ण-विवेकानंद परंपरा का हवाला देती रही हैं। विपक्ष का आरोप है कि 2011-2026 के शासनकाल में सांप्रदायिक हिंसा की कई घटनाएं हुईं, संदेशखाली, रैशन राशन घोटाला और तुष्टीकरण की राजनीति ने बंगाल को बांटा।

## यूपी के गांवों की चमकेगी किस्मत: योगी सरकार का बड़ा ऐलान



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने गांवों की सूरत बदलने और ग्रामीणों को खुशियों का तोहफा देने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। लखनऊ में हुई एक हाई-लेवल बैठक में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गांव और गरीब का विकास करना ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दो टूक लहजे में कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का असर जमीन पर दिखना चाहिए और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रॉकेट की रफ्तार से होना चाहिए। मंगलवार को हुई विभाग की समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने गांवों में पानी के निकास (जल निकासी) की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर सबसे ज्यादा जोर दिया। उन्होंने एक बेहद दिलचस्प बात कही कि गांवों की गलियां वहां के रहने वाले ग्रामीणों के लिए किसी एक्सप्रेसवे या हाईवे से कम नहीं होती हैं। इसलिए इन गलियों को पूरी तरह साफ-सुथरा, कीचड़मुक्त और व्यवस्थित रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण इलाकों में पक्की सड़कें, गरीबों के लिए पक्के मकान और अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाओं को पहले से कहीं ज्यादा बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में गरीबों के रोजगार और मकान को लेकर भी बड़े फैसले हुए। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा के तहत जितने भी भुगतान बकाया (लंबित) हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पूरा किया जाए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए घरों के लक्ष्य के लिए केंद्र सरकार को जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार की पूरी कोशिश है कि गांवों में रहने वाले गरीब परिवारों को बिना किसी देरी के रोजगार और पक्के मकान की योजनाओं का सीधा फायदा मिल सके। योगी सरकार अब गांवों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नया प्लान लेकर आई है। उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की ताकत बढ़ाने पर खास जोर दिया। उन्होंने आदेश दिया कि हर महीने करीब एक लाख 'दीदियों' को ग्राम्य विकास संस्थानों में बेहतरीन ट्रेनिंग दी जाए। इस काम को समय पर पूरा करने के लिए एक प्रॉपर प्रशिक्षण कैलेंडर जारी करने और पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित करने को कहा गया है। इसके अलावा, महिला सामर्थ योजना को तेजी से आगे बढ़ाने और सभी मंडलों में 'सरस मेले' लगाकर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और कमाई के नए साधनों से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। गांव वालों की समस्याओं को घर बैठे दूर करने के लिए अब ग्राम चौपालों को एक नया और बेहद असरदार रूप दिया जाएगा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि अब गांवों में 'समाधान दिवस' की तर्ज पर ही ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों में ग्रामीण अपनी हर छोटी-बड़ी समस्या को सीधे बड़े अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि इसके लिए सरकार एक नया डिजिटल पोर्टल भी लॉन्च करने जा रही है। इस पोर्टल के जरिए ग्रामीण अपनी शिकायत दर्ज कराने से लेकर उसके निपटारे (निस्तारण) तक की पूरी लाइव स्टेटस रिपोर्ट खुद देख सकेंगे। बैठक के आखिर में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक सख्त और सीधा संदेश दे दिया है कि सरकारी योजनाओं को लागू करने में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो स्वयं सहायता समूह इस समय निष्क्रिय यानी बंद पड़े हैं, उन्हें दोबारा से एक्टिव करने और जांच से जुड़े जितने भी पुराने मामले हैं, उनका फटाफट निपटारा करने के आदेश दिए गए हैं। सरकार के इस सख्त रुख से साफ है कि आने वाले दिनों में यूपी के गांवों का विकास एक नई रफ्तार पकड़ने वाला है।

## ससुर से बहू करती थी प्यार भरी बातें, पति कंप्यूटर पर पढ़ता था चैट. मां बनी तो बोला- ये मेरा बेटा नहीं; पिता-पत्नी को मार डाला



( यंग भारत न्यूज )

**बुलंदशहर।** प्रदेश के बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र स्थित कलंदरगढ़ी गांव में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर केस में पुलिस की तफ्तीश जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे बेहद चौंकाने वाले और खौफनाक खुलासे हो रहे हैं.

इस वारदात में मोमिन नामक युवक ने अपने ही पिता रियाजुद्दीन और पत्नी सना की गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना के महज 24 घंटे के भीतर पुलिस की शुरुआती जांच में जो सच सामने आया है, उसने पारिवारिक रिश्तों को पूरी तरह तार-तार कर दिया है. जांच के मुताबिक, इस दोहरे हत्याकांड के पीछे ससुर-बहू की नजदीकियां, डिजिटल जासूसी और एक नवजात बच्चे की पहचान को लेकर उपजा विवाद मुख्य वजह थी. पुलिस जांच के अनुसार, मोमिन और सना का निकाह पिछले साल 14 फरवरी 2025 को बेहद खुशी के माहौल में हुआ था. शुरुआत के सात महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद परिवार के भीतर धीरे-धीरे तनाव पनपने लगा. पुलिस का दावा है कि इसी दौरान मोमिन के पिता रियाजुद्दीन और उसकी पत्नी सना के बीच बढ़ती नजदीकियों की भनक परिवार के अन्य सदस्यों को लगी, जिसके बाद घर में रोजाना कलह होने लगी. इस पूरे मामले का खुलासा सबसे पहले मोमिन की मां किस्वर के शक के बाद हुआ था. किस्वर को अपने पति और बहू के व्यवहार पर संदेह हुआ, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने बेटे मोमिन को दी. पुलिस के मुताबिक, अक्टूबर के महीने में ससुर-बहू को घर में आपत्तिजनक हालत में देख लिया गया था. इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि सना को उसके मायके भेज दिया गया और बात तलाक तक पहुंच गई थी. हालांकि, बाद में दोनों पक्षों की आपसी बातचीत और सना के मायके वालों द्वारा आगे से ऐसा न होने के आश्वासन के बाद सना वापस ससुराल लौट आई थी. जब मां किस्वर ने इस पर आपत्ति जताते हुए रियाजुद्दीन से कहा कि 'अगर यही सब करना है तो घर के बाहर जाकर करो', तो रियाजुद्दीन ने मकान अपने नाम होने की धौंस दिखाते हुए पत्नी को ही घर से बाहर निकालने की धमकी दे डाली थी. जांच में यह भी सामने आया है कि मोमिन को अपनी पत्नी पर पूरा शक हो चुका था. उसने सना का व्हाटसएप अपने लैपटॉप से लिंक (वेब लॉगइन) कर रखा था. वह रोजाना दोनों के बीच होने वाली बातचीत पर नजर रखता था. सना और रियाजुद्दीन आपस में मैसेज और वॉयस नोट्स के जरिए बात करते थे, जिसे मोमिन रोज पढ़ता और सुनता था. पुलिस अब हत्या की कड़ियों को जोड़ने के लिए इन डिलीटेड और एक्टिव चैट समेत सभी डिजिटल रिकॉर्ड्स की फॉरेंसिक जांच कर रही है. रिश्तों की इस कड़वाहट में आखिरी चिंगारी तब लगी, जब हाल ही में 10 मई को सना ने एक बेटे को जन्म दिया. 16 मई को जब सना अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौटी, तो मोमिन ने उस बच्चे को अपना खून मानने से साफ इनकार कर दिया. बच्चे की पितृत्व को लेकर घर में भयंकर विवाद छिड़ गया. कई बार समझौते की कोशिशें हुईं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला.

# महिला सिपाही-बस विवाद ने खोली लग्जरी बस संचालकों की बद दिमागी की पोल

## आखिर कब जागेंगे परिवहन विभाग और प्रशासनिक अधिकारी?

- कोतवाल ने मौके पर आकर कराया विवाद समाप्त
- सीट विवाद के बाद जालौन चौराहे पर घंटों खड़ी रही दिल्ली जाने वाली लग्जरी बस, यात्री गर्मी में होते रहे परेशान।
- निजी बसों पर टैक्स चोरी, अवैध सामान ढुलाई और नियमों की अनदेखी के आरोप, कार्रवाई पर उठ रहे सवाल।
- 'यंग भारत' की खबरों के बाद हुई थी सीमित कार्रवाई, अब बड़ी जांच और सख्त कार्रवाई की मांग तेज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** दिल्ली जा रही एक निजी लग्जरी बस में सीट को लेकर हुए विवाद ने जनपद जालौन में संचालित निजी बसों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंगलवार देर शाम अमर ट्रेवल्स की टूरिस्ट बस में हुए हंगामे के बाद न केवल यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी, बल्कि जिले में संचालित निजी बसों की निगरानी, परिवहन विभाग की कार्यशैली और प्रशासनिक उदासीनता भी चर्चा के केंद्र में आ गई है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अमर ट्रेवल्स की बस उरई से दिल्ली के लिए रवाना हो रही थी। इसी दौरान सीट उपलब्ध न होने की बात कहे जाने पर एक महिला सिपाही नाराज हो गई। आरोप है कि उसने पुलिस सहायता बुलाकर बस को जालौन चौराहे पर रुकवा दिया। बस के काफी देर तक खड़े रहने से यात्रियों में आक्रोश फैल गया। बस में सवार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भीषण गर्मी में परेशान होते रहे। यात्रियों का आरोप है कि विवाद के दौरान महिला सिपाही और कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। वहीं महिला सिपाही द्वारा जेल चौकी का स्टाफ बुलाए जाने से चौराहे पर अफरा-तफरी और बहस का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने तत्काल हस्तक्षेप किया। उनके निर्देश पर शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में महिला सिपाही को दूसरे वाहन से रवाना किया गया और बस को दिल्ली के लिए भेजा गया। हालांकि यह विवाद केवल सीट को लेकर नहीं माना जा रहा है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि जिले में संचालित कई निजी लग्जरी बसें लंबे समय से नियमों को ताक पर रखकर संचालन कर रही हैं। आरोप है कि कुछ बसें यात्री परिवहन के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सामान की ढुलाई भी करती हैं। इससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जाती रही है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा नहीं की गई है, लेकिन इस संबंध में लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। यात्रियों का यह भी कहना है कि कई निजी बस संचालक निर्धारित स्टैंड और समय सारिणी का पालन नहीं करते। ओवरलोडिंग, मनमाना किराया, सड़क किनारे सवारियां भरना और सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसी शिकायतें भी आम हैं। इसके बावजूद परिवहन विभाग की कार्रवाई अक्सर औपचारिकता तक सीमित दिखाई देती है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व दैनिक यंग भारत ने जिले में संचालित निजी बसों की कथित अनियमितताओं, टैक्स संबंधी गड़बड़ियों और अवैध संचालन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा कुछ वाहनों की जांच और चालान की कार्रवाई की गई थी, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कार्रवाई समस्या की गंभीरता के मुकाबले काफी छोटी थी। अब सवाल उठ रहा है कि यदि लगातार शिकायतें और विवाद सामने आ रहे हैं तो परिवहन विभाग, एआरटीओ और प्रशासनिक अधिकारी व्यापक जांच क्यों नहीं कर रहे हैं। यात्रियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जिले में संचालित सभी निजी बसों के परमिट, टैक्स भुगतान, फिटनेस, बीमा, यात्री सुरक्षा और सामान ढुलाई की व्यवस्था की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। महिला सिपाही और बस स्टाफ के बीच हुआ विवाद भले ही शांत हो गया हो, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर निजी बस संचालन से जुड़े कई सवालों को उजागर कर दिया है। अब देखना यह होगा कि परिवहन विभाग और प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहते हैं या फिर नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के खिलाफ कोई बड़ी और प्रभावी कार्रवाई भी करते हैं।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एक नाबालिग किशोरी को प्यार के जाल में फंसाकर गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 24 मई की आधी रात करीब डेढ़ बजे उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को अभिषेक अहिरवार बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने नाते रिस्तेदारो सहित कई स्थानों पर बेटी की तलाश की लेकिन बेटी का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक अभिषेक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# संस्कृति ने किया नगर का नाम रोशन

## -बुंदेली चितेरी लोक कला को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

## -सीसीआरटी की 'स्कॉलरशिप टु यंग आर्टिस्ट' योजना में संस्कृति गिरवासिया का चयन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सीसीआरटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'स्कॉलरशिप टु यंग आर्टिस्ट इन डिफरेंट कल्चरल फील्ड्स 2025-26 में उत्तर प्रदेश की युवा लोक कलाकार संस्कृति गिरवसिया का चयन बुंदेली चितेरी लोक कला (बुंदेली फोक आर्ट पेंटिंग) के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे प्रदेश एवं खासतौर पर बुंदेली लोक संस्कृति के लिए गर्व का विषय है। संस्कृति गिरवासिया कोंच की रहने वाली हैं और लोक संस्कृति में उनकी दिलचस्पी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें इस विशिष्ट स्कॉलरशिप के लिए यूपी से चयनित किया गया है।देश भर से लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने इस राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति योजना में भाग लिया था, जिनमें से चयनित प्रतिभागियों की सूची में संस्कृति गिरवसिया ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए विशेष स्थान प्राप्त किया। चयन प्रक्रिया विशेषज्ञ समिति द्वारा आयोजित साक्षात्कार एवं कला प्रदर्शन के आधार पर की गई। यह छात्रवृत्ति योजना भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने एवं भारतीय पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण के लिए संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत चयनित कलाकारों को दो वर्षों तक उन्नत प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। संस्कृति गिरवसिया लंबे समय से बुंदेली चितेरी लोक कला एवं पारंपरिक चित्रकला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कला में भारतीय लोक संस्कृति, ग्रामीण जीवन एवं पारंपरिक रंगों की सुंदर झलक देखने को मिलती है। उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण एवं रचनात्मकता के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी इस कला यात्रा में अपने गुरु रोहित विनायक के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में लोक कला की बारीकियों का गहन अध्ययन किया। गुरु के सान्निध्य में प्राप्त प्रशिक्षण एवं प्रेरणा ने उनकी कलात्मक प्रतिभा को नई दिशा दी है जिससे उन्होंने न केवल अपनी कला को निखारा बल्कि अपने गुरु एवं प्रदेश का मान भी बढ़ाया। इस अवसर पर संस्कृति गिरवसिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उन्हें भारतीय लोक कला के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए और अधिक प्रेरित करेगी। कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कलाकारों की ऐसी सफलताएं भारतीय लोक कलाओं को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# कुंओ पर किया अनाधिकृत रूप से कब्जा,ग्रामीणो ने की एसडीएम से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पानी के पारंपरिक स्रोत कुओं पर अस्तित्व का संकट गहराता जा रहा है। आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े और खासतौर पर भीषण गर्मियों में पानी का सबसे अच्छा स्रोत माने जाने वाले प्राचीन कुओं का अस्तित्व अब मिटता हुआ नजर आ रहा है जिससे गांवों में पानी का संकट बढ़ने लगा है।

तमाम गांवों में देखरेख के अभाव में जीर्णशीर्ण होकर कुओं का नामोनिशान मिटने लगा है, कहीं-कहीं तो ग्रामीणों द्वारा ही कुओं को पाटा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला बीहड़ क्षेत्र के गांव लाड़ूपुरा का सामने आया है जहां कुछ ग्रामीणों द्वारा प्राचीन कुएं को पाट कर उस पर कब्जा किए जाने की कोशिश की जा रही है। गांव के तमाम लोगों ने कुएं के अस्तित्व को बचाने के लिए उपजिलीधिकारी हेमंत पटेल से गुहार लगाई है। ग्रामीण लाखनसिंह, तिलक सिंह, राघवेंद्र, चंद्रप्रकाश, पुरुषोत्तम आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि प्रधान की मिलीभगत से गांव के कुछ लोग प्राचीन सार्वजनिक कुएं को मिट्टी, कूड़ा आदि से पाट कर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर उक्त लोग स्वयं का कुआं बताकर गाली गलौज कर लड़ाई झगड़े पर आमादा हैं। शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम को बताया कि गांव में इसके अलावा कोई दूसरा सार्वजनिक कुआं नहीं है जिससे भविष्य में गांव के अंदर आग लगने जैसी घटनाओं पर पानी की उपलब्धता की कोई दूसरी व्यवस्था नहीं रह जाएगी। ग्रामीणों ने मामले में एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# गौ रक्षा रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा 30 को कोंच में

## -गविष्टि यात्रा की तैयारियो को लेकर बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के जयप्रकाश नगर स्थित आदित्य गैस एजेंसी पर 81 दिवसीय 'गविष्टि (गौ रक्षा रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा' को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, उद्देश्य एवं नगर में स्वागत कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में वनखण्डी सिद्ध पीठ कालपी के ऋषभ दास महाराज, राजकुमार शर्मा एवं कृष्ण अवतार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गविष्टि यात्रा 3 मई को गोरखपुर से प्रारम्भ हुई है, जिसका समापन 23 जुलाई को गोरखपुर में होगा। इसके उपरांत 24 जुलाई को लखनऊ में एक विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। यात्रा के प्रमुख ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अवमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी होंगे।उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित कराने के लिए जनजागरण करना है। यह यात्रा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर विभिन्न जिलों एवं नगरों में सभाएं एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएगी।उन्होने बताया 30 मई को यह यात्रा झांसी से रवाना होकर सबसे पहले पूंछ पहुंचेगी, जहां यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद एट होते हुए सुबह लगभग 11 बजे कोंच नगर पहुंचेगी। नगर में यात्रा के स्वागत एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अनिल वैद एवं प्रतिपाल सिंह गुर्जर को सौंपी गई है। उनके सहयोग के लिए राघवेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र बबेले, रंजन गोस्वामी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं।बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राघवेंद्र तिवारी, रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र बबेले, शिवम यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाईक सड़क किनारे टहल अधेड़ से टकराई

## बाईक चालक व अधेड घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** छैपुला के आगे बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार बाइक सवार ने सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया।

मोहल्ला तोपखाना निवासी महेश चंद्र राठौर बुधवार की सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान छैपुला के आगे उरई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महेश चंद्र राठौर और बाइक सवार जाजेपुरा निवासी पुष्पेंद्र सिंह दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच का आरंभ कराया

( यंग भारत न्यूज )



- युवाओ को शिक्षा के साथ साथ खेल भी जरूरी है-प्रकाश पाल
- खेल स्वास्थ के लिए जरूरी है-मन्नू कोरी
- मैच देखने को उमड रही क्रिकेट प्रेमियो की भारी भीड

**कोंच** एमएसडी महाविद्यालय तीतरा के मैदान में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दूधिया रोशनी में खेले गए मैचों में खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन पर मौजूद हजारों दर्शक रोमांचित हो उठे।

बतौर अतिथि उप्र सरकार के श्रम एवं सेवा योजन विभाग के राज्यमंत्री मनोहरलाल पंत उर्फ मन्नू कोरी, भाजपा के बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित विधायक मूलचंद्र निरंजन ने क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस कराकर और खिलाड़ियों से हांथ मिलाकर उनका परिचय लेते हुए मैच आरंभ कराया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि भारत देश विविध खेलों का जनक है, प्रदेश एवं देश की भाजपा सरकारों में खेलों को बढ़ावा दिया जाता है। माधोगढ़ विधायक द्वारा उत्तम व्यवस्थाओं के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन निश्चित रूप से सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। यह टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के सहायक सिद्ध होगा।इससे पूर्व आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन महतवानी सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कोंच प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित भाजपा के तमाम नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

पहला मैच कुंवरपुरा स्टार इलेवन और रहमत इलेवन कालपी के मध्य खेला गया। पहले खेलते हुए कुंवरपुरा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 72 रन बनाए। जबाव में रहमत इलेवन की टीम 7 विकेट के पतन पर 68 रन ही बना सकी। कुंवरपुरा टीम के खिलाड़ी अजय सेंगर ने 2 ओवर में मात्र 6 रन खर्च कर 3 विकेट लेकर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रधान इलेवन जालौन की टीम ने 9 विकेट पर 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजर ध्यानचंद इलेवन झांसी की टीम 5 विकेट खोकर सिर्फ 59 रन ही बना सकी और हार का मुंह देखना पड़ा। झांसी की टीम के धुरंधर गेंदबाज राज ने एक ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट झटके जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में प्रधान इलेवन जालौन की टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 4 विकेट पर 99 रन बनाए। जबाव में कुंवरपुरा स्टार इलेवन टीम 7 विकेट खोकर 67 रन ही बना सकी। प्रधान इलेवन टीम के खिलाड़ी ऋषभ सक्सेना ने 2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट हासिल किए जिन्हें मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## यंग भारत की खबर का असर

# मंद बुद्धि युवक को लात धूंसो से पीटने वाले होमगार्ड हुए सस्पेंड

( यंग भारत न्यूज )

कोंच सोमवार को तहसील परिसर में मानसिक रूप से कमजोर एक युवक को सरेआम जमीन पर गिराकर लात घूसों से बेरहमी से पीटने वाले होमगार्ड के दोनों जवान रामकिशुन एवं विजय सिंह को जिला होमगार्ड कमांडेंट राजेश कुमार सिंह ने सस्पेंड कर दिया है। इतना ही नहीं, सस्पेंड उक्त दोनों होमगार्ड जवानों पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही के भी निर्देश जारी किए गए हैं। मारपीट के इस पूरे मामले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, साथ ही स्वदेश समाचार पत्र सहित अन्य समाचार पत्रो में उक्त खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। गौरतलब हो कि कोतवाली कोंच से संबद्ध उक्त दोनों होमगार्ड जवान यहां तहसीलदार की सुरक्षा में लगे हुए थे। सोमवार को मानसिक रूप से कमजोर एक युवक को इन दोनों होमगार्ड जवानों ने बेरहमी से पीटा था और उसके हाथ पैर बांधने की भी कोशिश की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# प्रशासन ने 2 घण्टे में मांगे थे वैध कागजात मगर 24 घण्टे बाद भी लाजवाब हैं संचालक

- कोल्ड स्टोरेज गैस रिसाव मामला
- अधिकारियो ने मामले को गंभीरता से लिया
- एडीएम ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण
- दो घंटे में सम्पूर्ण कागजात दिखाने की बात कही थी कोल्ड स्टोरेज संचालन ने अधिकारियो से
- 24 घंटा बीत जाने के बाद भी नही दिखा सके कागजात

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा के पास मंगलवार की सुबह कोल्ड स्टोर में हुए अमोनिया रिसाव के कारण ऑपरेटर के झुलसने की घटना को प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है और इसकी विंदुवार गहन जांच की जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने एडीएम को दी है। डीएम द्वारा जांच अधिकारी नामित किए जाने के बाद बुधवार को एडीएम कोल्ड स्टोर की जांच करने पहुंचे। हालांकि उन्होंने जांच में क्या पाया इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी है लेकिन बड़ा सवाल अभी भी यह है कि अभी जब निर्माण ही पूरा नहीं हो सका है और विभिन्न विभागों से लिए जाने वाले लाइसेंस व एनओसी की कार्रवाई पूरी नहीं हुई फिर कोल्ड स्टोर चालू कैसे हो गया। इस घटना की भयावहता को समझते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने इसकी जांच का जिम्मा एडीएम के सुपुर्द कर दिया है। बुधवार को एडीएम कोल्ड स्टोर पहुंचे और विभिन्न विंदुओं पर पड़ताल की। एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि इस मामले की जांच अब एडीएम कर रहे हैं लेकिन कोल्ड स्टोर संचालक अभी तक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को सुबह अंडा गांव के पास निर्माणाधीन ओम नम: शिवाय कोल्ड स्टोर में हुए अमोनिया गैस के रिसाव से वहां काम करने वाला 28 वर्षीय ऑपरेटर अनूप कुमार उस वक्त बुरी तरह से झुलस गया था जब वह प्लांट मशीन में लिक्विड पंप खाली कर रहा था। वह तो गनीमत रही कि इस घटना ने बड़ा रूप नहीं लिया वरना हालात बेकाबू हो सकते थे। घटना के बाद निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फायर विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों की एनओसी और लाइसेंस मांगे, लेकिन मौके पर कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इससे कोल्ड स्टोर के संचालन की वैधता पर सवाल खड़े हुए हैं।फिलहाल अब देखना यह है कि प्रशासन अवैध रूप से चल रहे कोल्ड स्टोरेज पर क्या कार्यवाही करता है।

# झांसी रोड बुद्ध विहार में लोजपा की हुई समीक्षा बैठक

## संगठन मजबूती व चुनावी रणनीति पर मंथन

### -मुख्य अतिथि के रूप बिहार के विधायक रहे मौजूद




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** झांसी रोड स्थित बुद्ध विहार सभागार में लोक जन शक्ति पार्टी (लोजपा) की एक बड़ी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप बिहार विधायक डा. प्रकाशचंद्र मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से 220 ओवरा विधानसभा से विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र जिन्होने संगठन विस्तार पर गहन चर्चा कर आगे की रणनीति पर जोर दिया।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मड़ी तिरंपाठी, जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर मंसूरी, प्रमुख महासचिव एवं आयोजक दयाराम पासवान, कुलदीप सिंह गौर, गणेशदत्त गिरी, मनोज पासवान, हमीद मंसूरी, उमाशंकर, रचना सेंगर, नरेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय पदाधिकारी शामिल हुए ।प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मड़ी तिरंपाठी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखें, ताकि स्थानीय मुद्दों को समय रहते उठाकर उनका समाधान कराया जा सके ।मुख्य अतिथि विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने अपने संबोधन में सड़क, पानी, बिजली और किसानों की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताते हुए पार्टी की आगामी योजनाओं और चुनावी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और वार्ड स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाने तथा नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया ।उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से जनता के हितों की आवाज उठाना ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तरीय प्रशिक्षण, प्रचार सामग्री वितरण और सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई ।साथ ही तहसील और वार्ड स्तर पर टीमों का गठन कर स्थानीय समस्याओं का सर्वे कराने एवं उनके समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। नेताओं ने कहा कि पार्टी का विशेष फोकस युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर रहेगा।

# वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार यज्ञ त्रिपाठी को पुत्र शोक

## जब अभिषेक ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी तो सैकड़ों आंखें नम हो गई





( यंग भारत न्यूज )

**उरई** - जिले की सबसे वरिष्ठ साहित्यकार एवं जुझारु पत्रकार यज्ञदत्त त्रिपाठी के बड़े पुत्र नवनीत त्रिपाठी उम्र 61 वर्ष पिछले 9 माह से बीमार चल रहे थे उनका उपचार दिल्ली में हो रहा था कल एम्स में फेफड़ों के ऑपरेशन के बाद उनका निधन हो गया आज उनकी महा यात्रा में भारी संख्या में कभी कवित्री शायर शायरा के अलावा डॉक्टर समाजसेवी राजनीतिक दलों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे जब उनके पुत्र अभिषेक ने अपने पिता नवनीत त्रिपाठी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी तो तमाम आंखें सजल हो गई इस दौरान पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, सपा के प्रांतीय नेता प्रदीप दीक्षित सपा नेता चंद्रशेखर मौखरी डॉ रमेश चंद्रा वरिष्ठ शायर सफीकुर रहमान कश्फी, कवि कृपाराम कृपालु गीतकार अनुज भदोरिया, सिद्धार्थ त्रिपाठी राम शंकर गौर दर्शन सिंह यादव संस्कृत के कवि विवेकानंद श्रीवास्तव दिव्यांश दिव्य, मनोज गर्ग शैलेंद्र सिंह रामू राघवेंद्र कनकने, आनंद ठाकुर टिंकू मौखरी, अतीक खान सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे

# लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव को देख प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने को कहा

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन ने कहा है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा धूप से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां अपनाएं।

प्रशासन द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचें। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। अधिक गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को हल्के एवं सूती कपड़े पहनने, ताजे फल एवं तरल पदार्थों का सेवन करने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। वहीं प्रशासन ने पशुपालकों से भी मवेशियों को छांव में रखने और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी व्यक्ति में हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हीटवेव से बचाव हेतु एडवाइजरी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय नेभीषण गर्मी एवं हीटवेव को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त नागरिकों एवं पशुपालकों से अपील की है कि अपने-अपने परिवार तथा पशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु निम्न सावधानियों का पालन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि जनसामान्य हेतु सावधानियां में क्या करें- दिन में 12 बजे से शाम 4 बजे तक अत्यधिक धूप में निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें तथा सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढकें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। खेतों एवं खुले स्थानों पर कार्य प्रात: अथवा सायंकाल के समय करें। घर एवं कार्यस्थल को हवादार रखें। उन्होंने बताया कि जनसामान्य हेतु सावधानियां में क्या न करें- खाली पेट घर से बाहर न निकलें। तेज धूप में अत्यधिक मेहनत वाले कार्य न करें। बंद वाहनों में बच्चों या पशुओं को अकेला न छोड़ें। बासी एवं खुले खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। अत्यधिक चाय, कॉफी एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि पशुओं हेतु सावधानियां- पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। पशुओं को छायादार एवं हवादार स्थान पर रखें। दोपहर के समय पशुओं को चराने अथवा अधिक दूरी तक ले जाने से बचें। हरे चारे एवं संतुलित आहार की व्यवस्था करें ।उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण- तेज बुखार, चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी/घबराहट, पसीना बंद होना, बेहोशी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर पानी उपलब्ध कराएं एवं निकटतम चिकित्सालय से संपर्क करें। 'सावधानी ही सुरक्षा है। सभी नागरिक एवं पशुपालक हीटवेव से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# जनपद में वारंटियों के खिलाफ तेज हुआ अभियान, पांच अभियुक्त गिरफ्तार

## कोतवाली जालौन व सिरसाकलार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, न्यायालय के आदेश पर हुई गिरफ्तारी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली जालौन एवं थाना सिरसाकलार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद भर में चल रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमें लगातार दबिश देकर फरार एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश कर रही हैं। इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा अपराधियों में पुलिस का भय कायम करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

# धर्मान्तरण कराने के लिए बस में भरकर ले जा रहे लोगों की सूचना पुलिस को मिली थी

### -पुलिस अधिकारियों ने रास्ते में बस को रोककर सघन चैकिंग अभियान चलाया

### -देर रात तक धर्मान्तरण कराने की बात की पूरी तरह से पुष्टि नहीं हो पाई है

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** जालौन जिले में कथित धर्मांतरण की आशंका को लेकर मंगलवार देर शाम हड़कंप मच गया। कुठौंद थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव से ग्रामीणों को बस में भरकर लखनऊ ले जाए जाने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने बस को बीच रास्ते में रोक लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं समेत 22 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि सिरसा थाना क्षेत्र के ऊद गांव से कथित तौर पर एक नेटवर्क संचालित किया जा रहा था, जो गांव-गांव जाकर गरीब परिवारों को पैसे, इलाज और मदद का लालच देकर लोगों को बस में बैठा रहा था। बस संख्या यूपी 92 एटी 6733 में सवार लोगों की सूची भी पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस मोबाइल नंबर, कॉल डिटेल और संपर्क सूत्रों की जांच में जुटी हुई है। सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश तक फैले संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटाने में स्थानीय युवाओं ने अहम भूमिका निभाई। सूचना मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सक्रिय हुए और बस को पकड़वाने में सहयोग किया। मौके पर कई स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सूचना पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई, एसडीएम जालौन और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर सभी लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। हिरासत में लिए गए लोगों में पूनम, माधुरी, विमला, पुष्पा, निर्मला, राजकुमारी, अंजली सिंह, सरोज, सोनेश, अमला, गुड्डी देवी, मुनु, उषा, बिंदली, रीना, विद्या, किरण और राखी समेत अन्य लोग शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं राजा सिंह निवासी मानपुरा को मुख्य संयोजक बताया जा रहा है, जिसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आधुनिक तकनीक से विकास कार्यों को मिलेगी नई गति- जिलाधिकारी

## रिमोट सेंसिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक पर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, उत्तर प्रदेश लखनऊ (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं जनहितकारी कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.

पी.एस. यादव, डॉ. अर्जुन सिंह तथा परियोजना वैज्ञानिक डॉ. जय कुमार मिश्रा एवं अवनीश कुमार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक के उपयोग से तैयार किए गए जनपदवार डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि रिमोट सेंसिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के माध्यम से कृषि, भू-राजस्व, जल संरक्षण, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई, सड़क, वन एवं अन्य विभागों के कार्यों को अधिक सटीक, पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने भुवन पोर्टल एवं प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल (पीएमजीएसपी) के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के समन्वय और उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों से विकास कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। कार्यशाला में लिडार तकनीक की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे भू-आकृति एवं संसाधनों का अत्यंत सटीक आंकलन संभव हो पाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक आधारित प्रशासनिक व्यवस्था सुशासन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़े और आमजन को त्वरित लाभ प्राप्त हो सके। कार्यशाला में समस्त अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, सामाजिक वानिकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, जल निगम, लघु सिंचाई विभाग सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# आरएलडी 29 को मनायेगी चौधरी चरणसिंह की जयंती

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की 39वी पुण्यतिथि का आयोजन 29 मई चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम व नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बच्चों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त बात की जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव एवं अर्जुन सिंह तोमर नगर अध्यक्ष उरई ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सुबह 9 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संगठन के समस्त पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर मरी किशोरी

## मामला कालपी के ग्राम निवाड़ी का

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निवाड़ी में अपने मामा के यहां गर्मी की छुट्टी में घूमने आई 16 वर्षीय किशोरी ने ज़हरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के मुहल्ला रामनगर निवासी 16 वर्षीय प्रिंसी जो कि कक्षा 8 की छात्रा थी जो गर्मियों की छुट्टी में अपने मामा के कालपी क्षेत्र के ग्राम निवाड़ी गयी थी जिसने ज़हरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसकी हालत बिगड़ते पर परिजन उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आये जहां पर डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका छात्रा का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व पारदर्शिता पर विशेष फोकस

## सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम की बारीकी से जांच, लॉग-बुक में दर्ज की निरीक्षण टिप्पणी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, संरक्षा एवं पारदर्शिता से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन कर उसमें अपनी निरीक्षण टिप्पणी अंकित की और अभिलेखों के समुचित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम को भी विस्तार से देखा और कैमरों के माध्यम से होने वाली निगरानी की गुणवत्ता व निरंतरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें और नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, तलहा मजहर, ईवीएम सहायक सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौशाद अली को बुंदेलखंड का मुख्य कॉर्डिनेटर बनाए जाने पर बसपा में खुशी की लहर

## मो. इखलाक एडवोकेट ने दी बधाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** नौशाद अली को बुंदेलखंड का मुख्य कॉर्डिनेटर बनाए जाने पर जालौन जिले में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने इस नियुक्ति को संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। इस अवसर पर पूर्व मंडल प्रभारी बसपा मो. इखलाक एडवोकेट ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मो. इखलाक एडवोकेट ने कहा कि नौशाद अली पूर्व एमएलसी संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते आए हैं। उनकी मेहनत, कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं और नेतृत्व क्षमता पर निर्भर करती है, और नौशाद अली इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाएंगे। नई जिम्मेदारी की घोषणा के बाद खुशी जाहिर करते हुए एडवोकेट मो. इखलाक की टीम के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई और बधाइयां दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने नौशाद अली के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

# मेडिकल में लगातार हो रहे विवाद और व्यवसायी और जूनियर डॉक्टरों के बीच हुए बवाल के बाद शासन ने गिरा दी प्राचार्य पर तबादले की गाज

- कानपुर हैलट के डॉ. महेंद्र सिंह बने उरई मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य
- मेडिकल कॉलेज में लगातार विवादों और अव्यवस्थाओं के बीच शासन की बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई।
- कानपुर मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के आचार्य डॉ. महेंद्र सिंह को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार।
- भाजपा नेता और डॉक्टरों के बीच हुए विवाद के बाद व्यवस्थाओं पर उठे थे गंभीर सवाल
- पूर्व प्राचार्य की एन्टी लॉबी में खुशी की लहर



उरई मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जालौन के उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में हाल के दिनों में सामने आए विवादों और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के बीच उत्तर प्रदेश शासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद द्विवेदी को उनके पद से हटा दिया है। शासन ने उनकी जगह कानपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में तैनात आचार्य डॉ. महेंद्र सिंह को राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन का कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया है।

उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 115/71-1001(001)/2/2026 के अनुसार डॉ. महेंद्र सिंह को अग्रिम आदेशों तक राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन के प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें इस अतिरिक्त दायित्व के लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन अथवा भत्ता देय नहीं होगा। उनका वेतन पूर्ववत राजकीय मेडिकल कॉलेज कानपुर से ही आहरित किया जाता रहेगा। शासन ने आदेश जारी करते हुए डॉ. महेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रशासनिक बदलाव को मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने और प्रशासनिक नियंत्रण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि बीते दिनों राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन उस समय सुर्खियों में आया था जब एक भाजपा नेता, उनके पुत्र और डॉक्टरों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया था। इस घटना के बाद कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे। मामला राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया था। इसके अलावा मेडिकल ष्ट्रश्वद्यद्यद्गद्दद्ग में समय-समय पर मरीजों और तीमारदारों द्वारा अव्यवस्थाओं, चिकित्सकीय सुविधाओं की कमी, सुरक्षा व्यवस्था में खामियों तथा प्रशासनिक लापरवाही को लेकर शिकायतें भी सामने आती रही हैं। हाल ही में तीमारदार और डॉक्टर के बीच हुए विवाद ने भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाए थे। इन घटनाओं की जानकारी शासन स्तर तक पहुंचने के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े जानकारों का मानना है कि नए कार्यवाहक प्रधानाचार्य के सामने मेडिकल कॉलेज में अनुशासन बहाल करने, चिकित्सकीय सेवाओं को बेहतर बनाने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बड़ी चुनौती होगी। साथ ही डॉक्टरों, कर्मचारियों और तीमारदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। शासन के इस फैसले के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। कर्मचारी, चिकित्सक और आमजन अब नए कार्यवाहक प्रधानाचार्य की कार्यशैली और उनके द्वारा किए जाने वाले सुधारात्मक कदमों पर नजर लगाए हुए हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं, जिनका सीधा असर मरीजों और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा।

# जनपद के सभी क्षेत्रों से भगाई जा रहीं हैं किशोरी और युवतियां

- दिनों से लापता है युवती, परिजनों ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप
- लापता लड़कियो को खोजने में शिथिलता दिखाती है पुलिस
- कुछ समय बाद अपनी इज्जत गंवा कर वे स्वयं आ जाती हैं वापस

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़/जालौन** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के थाना गोहन अंतर्गत ग्राम सिंगटोली में एक युवती के लापता होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि शिकायत और गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंगटोली निवासी रामबाबू पुत्र बल्दू की पुत्री पूजा देवी 15 मई 2026 को गोहन स्थित केशव देव तिवारी महाविद्यालय परीक्षा देने गई थी, लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्हें कुछ लोगों पर संदेह है और इस संबंध में पुलिस को जानकारी भी दी गई है। परिवार का दावा है कि फोन पर हुई बातचीत में युवती के साथ शादी करने जैसी बात कही गई, जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा मामले में तेजी से कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पीड़ित पिता का कहना है कि वह पिछले कई दिनों से थाना गोहन के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। परिवार ने आरोप लगाया कि अब तक न तो युवती की बरामदगी हो सकी है और न ही संदिग्ध लोगों से सख्ती से पूछताछ की गई है। घटना के बाद से परिवार में भय और चिंता का माहौल है। गांव के लोगों में भी पुलिस की कार्यशैली को लेकर चर्चा हो रही है। परिजनों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर युवती को सुरक्षित बरामद कराया जाए। फिलहाल यह मामला थाना गोहन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब लोगों की नजर पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# शहर की एक दर्जन से अधिक मस्जिदों में होंगी इदुल अजहा की नमाज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि कल इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर के करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह पर शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी आठ बजे, बड़ी मस्जिद में कारी हसन सात बजे, क्लब की मस्जिद में सदर इमाम जमील अहमद कादरी सात बजकर 30 मिनट, नबी की मस्जिद में शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती सात बजे, कुरैशियान मस्जिद में हाफिज आमिर सात बजकर 30 मिनट, बघौरा बाली मस्जिद में हाफिज अजीज कादरी सात बजकर 30 मिनट, नीलबरी बाली मस्जिद में हाफिज फजले अजीम सात बजकर 30 मिनट, स्टेशन वाली मस्जिद में धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जब्बार सात बजकर 45 मिनट, लहरिया पुरवा मस्जिद में हाफिज गुलाब हुसैन आठ बजें, दादुपुरा जामा मस्जिद में हाफिज युसूफ कादरी सात बजकर 45 मिनट, नूरानी मस्जिद काले पहलवान में कारी मुस्तकीम सात बजकर 45 मिनट, जयसवाल टावर के पीछे सुन्नी हनफ़ी फैजाने मुस्तफा में हाफिज अब्दुल रशीद सात बजकर 15 मिनट, बघोरा स्थित मस्जिद में हाफिज अजीज रजा सात बजे, जामा मस्जिद स्टेशन में धर्मगुरु अब्दुल जब्बार आठ बजे, नीलबरी मस्जिद हाफिज फजले अजीम सात बजकर 30 मिनट, लहरिया पुरवा स्थित मस्जिद में हाफिज गुलाम हुसैन आठ बजे, करसान रोड स्थित मस्जिद निजामी में हाफिज गुलाम हैदर सात बजकर 30 मिनट पर अता कराएंगे। वही देववंद अकायत में रामनगर स्थित ईदगाह पर मो.मिया नदवी आठ बजे, बजरिया रोड स्थित जामा मस्जिद में मुफ़्ती तल्हा सात बजकर 30 मिनट, तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद में मौलाना अब्दुल खालिक सात बजे, मदरसा अबूबकर सिद्दीक में मौलाना जैद आठ बजकर 30 मिनट, इसके अलावा शिया समुदाय की बल्लभ नगर स्थित इमामिया मस्जिद में मौलाना अकबर अली आठ बजे नमाज अता कराएंगे।

# हाजीपुर पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप

- ग्राम प्रधान ने शासन से शिकायत कर उठाई जांच की मांग
- ग्राम विकास अधिकारी की जांच करने में हीलाहवाली कर रहे जिम्मेदार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** ग्राम पंचायत हाजीपुर विकास खण्ड कुठौंद की ग्राम प्रधान देवकन्या ने ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह यादव पर गंभीर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री को शिकायती पत्र लिखा है। पत्र में मांग की गई है कि शासन स्तर से जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाये। ग्राम प्रधान देवकन्या पत्नी भगवत सिंह ने पत्र में आरोप लगाया कि मनरेगा 2024-25 में कोई पक्का कार्य नहीं हुआ, क्योंकि अधिकारी ने उनके कहने पर भी कोई एस्टीमेट नहीं बनवाया। ग्राम पंचायत की बैठकें कभी नहीं बुलाई गईं, गौपालक मानपत्र 15 महीने से वितरित नहीं किया गया तथा गौशाला निरीक्षण रजिस्टर भी नहीं रखा जाता गया है। महिला ग्राम प्रधान देवकन्या ने शासन व जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजें शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि अधिकारी गांव कभी आते ही नहीं बल्कि प्राइवेट व्यक्ति लगाकर दलाली करवाते हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे कार्यों में जनता को जानबूझकर परेशान किया जाता रहता हैं।

ग्राम निधि की 2024-25 योजनाएं उनकी मर्जी से बनाई जबकि बिना प्रधान या ग्रामवासियों की सहमति नहीं ली गयी। खुलासा किया कि ग्राम विकास अधिकारी हर जगह आधे-अधिक पैसे लेकर काम करते हैं जो पूर्व में दमरास में भ्रष्टाचार के कारण निलंबित रह चुके हैं। प्रधान ने जिलाधिकारी से नाला निर्माण की जांच कराये जाने की भी अपील की है। जालौन में ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के ऐसे आरोप पहले भी लग चुके हैं जिससे स्थानीय स्तर पर आक्रोश बढ़ रहा है।

# कालपी वन क्षेत्र में भीषण आग, कई किलोमीटर तक फैली लपटें

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन** जनपद के कालपी वन क्षेत्र में बुधवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। तेज गर्मी और तेज हवाओं के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई किलोमीटर तक फैल गई। आग की चपेट में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे और वन संपदा आने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह घटना कालपी कोतवाली क्षेत्र में 84 गुंबद के सामने स्थित वन क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर के समय वन क्षेत्र से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद तेज हवाओं ने आग को तेजी से फैलाने का काम किया। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि पेड़-पौधे धू-धू कर जलते रहे और दूर-दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा। सूचना मिलने के बावजूद शुरुआती समय में दमकल कर्मियों के मौके पर न पहुंचने से आग और फैलती चली गई, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो यह रिहायशी इलाकों तक भी पहुंच सकती है। फिलहाल दमकल विभाग, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई हैं। प्रशासन से अतिरिक्त संसाधन भेजने की मांग भी की गई है।

हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन भीषण गर्मी, सूखी झाड़ियां और तेज हवाओं को आग फैलने की मुख्य वजह माना जा रहा है।

# लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक में शामिल हुए बिहार के विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र

## संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर दिया गया जोर - अब्दुल कादिर मंसूरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** शहर के झांसी रोड स्थित बुद्ध विहार सभागार में लोक जनशक्ति पार्टी (आर) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के ओबरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर मंसूरी ने की, जबकि संचालन गणेशदत्त गिरी ने किया।कार्यकर्त्ताओं नें मुख्य अतिथि कों माला पहनाकर के स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों की मदद करना पार्टी का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी सभी वर्गों, जातियों और धर्मों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर मंसूरी ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूती के साथ खड़ा किया जाएगा तथा कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष युवा कुलदीप गौर, महिला जिलाध्यक्ष रंजना सेंगर, जिला उपाध्यक्ष शरीफ खान कपासी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह गौर, दलित सेना जिलाध्यक्ष मोहन कपासी, प्रधान महासचिव दयाराम, मनोज तिवारी, संतोष कुमार पासवान, हमीद मंसूरी, उमाशंकर, गौतम कुमार, नरेन्द्र गौतम, नसीम खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप, बच्चों को छीनकर घर से निकालने की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के राजपुरा गांव निवासी एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसके पति समेत सास-ससुर उसके साथ मारपीट करते हैं और अब उसे घर से निकाल दिया गया है।

जानकारी के अनुसार राजपुरा गांव निवासी संगीता पत्नी रविंद्र सिंह ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को शिकायत देकर बताया कि ससुराल पक्ष द्वारा लंबे समय से उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि उसके पति, सास और ससुर आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता ने बताया कि हाल ही में उसके साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, उसके तीनों बच्चों को भी उससे अलग कर दिया गया है, जिससे वह बेहद परेशान और दुखी है। महिला ने पुलिस से न्याय दिलाने और बच्चों को वापस दिलाने की मांग की है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनकर मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनुष्य को भगवान राम नाम का जाप करना चाहिए भगवान का जप करने से ही उसका कल्याण सम्भव -मानस वक्ता

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा -उरई।** भगवत प्राप्ति के लिए भक्ति का मार्ग सबसे सरल एवं सुगम बताया गया इसलिए मनुष्य को भगवान राम नाम का जाप करना चाहिए भगवान का नाम जप करने से ही उसका कल्याण हो जाएगा उक्त विचार मानस वक्ता शशि शेखर मऊरानीपुर ने नक्की बाबा हनुमान मंदिर पर श्री राम महायज्ञ में आयोजित मानस प्रवचन में व्यक्त किए उन्होंने बताया कि भगवत प्राप्त के लिए वैसे तो मानस में अनेक मार्ग योग,वैराग्य, प्रेम एवं समर्पण, कर्म योग, निष्काम मानव सेवा, भगवत भक्ति बताए गए हैं परंतु इसमें सबसे सरल उपाय भगवत भक्ति है इसलिए मनुष्य को अपने कल्याण के लिए भगवत भक्ति अवश्य करनी चाहिए भगवान के नाम नाम जप करने से ही मनुष्य सभी पापों से छूटकर ईश्वर प्राप्ति कर सकता है श्री राम महायज्ञ में भागवत आचार्य गुरु प्रसाद महाराज द्वारा भगवान राम के जनक बाजार पुष्प वाटिका की कथा का गुणगान करके उपस्थित भक्त समाज को भक्ति भाव से जोड़ा गया श्रद्धालुओं ने कथा के मध्य में भगवान श्री राम के जयकारे लगाकर यज्ञ मंडप को भक्ति मय कर दिया गया श्री राम महायज्ञ में कथा के बाद योग परिवार समिति मुस्कुरा द्वारा भक्ति गीत गाए गए इससे श्रोता झूम उठे। देर रात यज्ञ स्थल मंच पर धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया है रामलीला का शुभारंभ श्याम किशोर बुधौलिया फीता किया एवं पत्रकार रघुवीर गौर द्वारा भगवान की आरती के साथ किया गया रामलीला में गुरु विश्वामित्र द्वारा राम लक्ष्मण को संध्या वंदन की आज्ञा के बाद राम अभिनेता पवन तिवारी , एवं लक्ष्मण अभिनेता पियुष स्वामी की सुंदर अभिनय की उपस्थिति भक्ति समाज द्वारा खूब प्रशंसा की गई रामलीला में रावण अभिनेता प्रहलाद आचार्य एवं लालाराम के बीच 2 घंटे चले संवाद पर दर्शकों द्वारा खूब तालियां बजाई गई रामलीला में विदूषक बबलू दीवाना कुठोदा के दूल्हा के सुंदर अभिनय पर दर्शकों द्वारा खूब ठहाके लगाए गए वही जनक अभिनेता हरि शंकर गुरसराय द्वारा प्रस्तुत करुण रस तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिखा ना विधि बैदेहि विवाहू।। में उपस्थित जनसमूह की आंखों में आंसू बहने लगे विश्वामित्र की आज्ञा के बाद भगवान राम के धनुष भंजन करने के साथ श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के जयकारा लगाएं गये रामलीला मंच का संचालन महेंद्र यादव द्वारा किया गया रामलीला में अवनीश व्यास,छत्रसाल नायक सभासद मानसिंह यादव सभासद , जीतू गुप्ता सभासद, राजू पंचाल सभासद संदीप व्यास सम्राट स्वामी, रजत स्वामी, शुभंकर स्वामी बारिश स्वामी , विद्दे केवट आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे रामलीला के अंत में यज्ञ संचालक आत्माराम महाराज द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# अल्लाह की रजा के लिए हजरत इब्राहीम ने दी लखते जिगर की कुर्बानी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** ईदुल अजहा (बकरीद) का त्यौहार 28 मई दिन गुरुवार को मनाया जायेगा। इस त्यौहार में तीन दिनों तक हजरत इब्राहीम अलै. के द्वारा खुदा की रजा के लिए तमाम कुर्बानियां पेश करने के बाद भी जब ख्वाब में अल्लाह ने अपनी सबसे अजीज चीज की कुर्बानी पेश करने को कहा तो उन्होने अपने लखते जिगर (बेटे) हजरत इस्माइल अलै. की कुर्बानी पेश की। छुरी इस्माइल पर चलाई लेकिन अल्लाह के हुक्म अनुसार फरिश्तों ने इस्माइल को हटाकर, और दुम्बा लिटा दिया जिस पर छुरी चली। अल्लाह ने इब्राहीम अलै. की कुर्बानी को कुबूल किया, और दुनिया के तमाम मुसलमानों को इस पर अमल करने की अनुमति प्रदान की, कुर्बानी साहिबे निसाब पर फर्ज की। तभी से तीन दिनों तक भैंसा, बकरा, भेड़ आदि की कुर्बानियों का सिलसिला हजारों सालो से जारी है। काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि बकरीद को अल्लाह ने साहिबे निसाब पर कुर्बानी फर्ज की। अल्लाह ने कर्जदार पर कुर्बानी का हुक्म नहीं दिया है। कहा कि यह अल्लाह का बड़ा करम है कि उसने दुम्बे को इब्राहीम अलै. के सामने लिटाकर कुर्बानी कुबूल की। यदि वह अपने बेटे इस्माइल पर छुरी चलाते दुम्बे की जगह बेटे को कुर्बान कर देते तो मुसलमान को अपनी औलादों की कुर्बानी पेश करना होती। कहा कि अल्लाह की राह में हर साहिबे निसाब कुर्बानी जरूर पेश करे। बताया कि इस्लाम का साल कुर्बानी से शुरू होता है और साल का आखिरी माह भी कुर्बानी से खत्म होता है। बताया कि बकरीद इस्लामी कैलेंडर का आखिरी माह है। जबकि इसके बाद इस्लामी साल की शुरूआत मोहर्रम से होती है। मोहर्रम में हुए कर्बला को दुनिया जानती है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके एहले खानदान ने नबी की उम्मत तथा हक और इस्लाम के लिए ही नही सरियत के लिए अपनी शहादत दी।

# विजयन समर्थकों का ईडी टीम पर हमला

### -लाठी-पत्थर बरसाए, गाड़ी तोड़ी; पूर्व केरलम सीएम की बेटी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप, घर पर रेड



**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड करने पहुंची थी। यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजयन के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे। दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी। कारों के शीशे तोड़ दिए गए और लाठी से भी हमला किया। ईडी की रेड पर पिनाराई विजयन का बयान सामने आया। उन्होंने कहा- काफी समय से ईडी मेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी। मुझे लगता है कि इस तलाशी से कुछ लोगों को खासकर राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति को बहुत संतुष्टि मिलेगी। राहुल गांधी ने यही सवाल पूछा था कि मेरे घर छापा क्यों नहीं मारा जा रहा है, गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में विपक्षी नेताओं पर हमेशा से जान-बूझकर हमले करती रही है। ईडी ने यह रेड विजयन की बेटी टी वीणा की कंपनी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की है। वीणा की एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को कोचिन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड ने साल 2018-19 में 1.72 करोड़ मंथली पेमेंट के तौर पर दिए, लेकिन इसके बदले एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस ने कोई सर्विस नहीं दी। ईडी का मानना है कि यह लेन-देन संदिग्ध है। सीएमआरएल और एक्सालॉजिक के बीच हुए इस भुगतान को लेकर पहले इनकम टैक्स विभाग ने भी सवाल उठाए थे। बाद में इसी आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। एक दिन पहले ही मंगलवार को इसी मामले में केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल की याचिका खारिज की, जिसमें सीएमआरएल ने ईडी की जांच रद्द कराने की मांग की थी। ईडी ने 2024 में आरोपों की जांच के लिए पीएमएलए केस फाइल किया था। यह मुद्दा विजयन सरकार के सामने सबसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील विवादों में से एक रहा है। ईडी जांच के अलावा, इस मामले की जांच सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस भी कर रहा है।

# सहारनपुर में मंदिर बंद कर सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज, पुजारी-भीम आर्मी का ये विवाद चौंका देगा

( यंग भारत न्यूज )



**सहारनपुर।** प्रदेश के सहारनपुर जिले में मंदिर के एक पुजारी पर एससी-एसटी और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद ब्राह्मण समाज का गुस्सा फूट पड़ा है.इस घटना को लेकर जनपद में भीम आर्मी और ब्राह्मण समाज के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है. मामले से आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में पुलिस लाइन पहुंचे और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया. क्ङ्मड्डद्म से बातचीत के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने साफ तौर पर कहा कि ब्राह्मण कभी अपनी मर्जी से पुलिस लाइन नहीं आता, लेकिन जब देश के कानून का दुरुपयोग करके मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले निर्दोष पुजारियों को झूठे मुकदमों में फंसाया जाएगा, तो समाज को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना ही पड़ेगा.

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शुक्ला पुरी मंदिर के पुजारी पर लगाया गया एससी-एसटी और पोक्सो एक्ट का यह मामला पूरी तरह से फर्जी है. समाज के लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने बिना किसी जांच-पड़ताल के सिर्फ भीम आर्मी के दबाव में आकर सीधे पुजारी पर इतनी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर मामले में कोई सच्चाई थी, तो पहले उसकी निष्पक्षता से जांच की जानी चाहिए थी, न कि आनन-फानन में केस दर्ज करना चाहिए था. इस संबंध में पीड़ित पक्ष के लोग एसएसपी से भी मिले. एसएसपी से मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने मामले की गहराई से जांच करने और पूरी तरह से निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. इस पूरे विवाद के बीच ब्राह्मण समाज ने भीम आर्मी के खिलाफ बेहद तीखे तेवर अपनाए हैं. उन्होंने कहा कि जिस तरीके से भीम आर्मी के लोग अन्य समाज पर थानों में जाकर मुकदमे करवाने का काम करते हैं इसे बंद करें नहीं तो इलाज अच्छे से किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि भीम आर्मी के लोग यह अच्छी तरह सोच लें कि वे जिस भाषा में बात समझना चाहेंगे, हम लोग उन्हें उसी भाषा में जवाब देने का काम करेगा. उन्होंने आगे कहा कि जब पंडितों पर ब्राह्मण पर फर्जी तरीके से मुकदमे लगाए जाएंगे तो फिर मंदिरों पर तो तले लगेंगे ही, सभी जो भी एससी एसटी एक्ट से पीड़ित है वह सभी सड़कों पर आए और इस नीले गमछे वालों का इलाज करने का काम करें.

# ट्विशा केस- आरोपी समर्थ 29 तक सीबीआई रिमांड पर

**जबलपुर।** एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में एसआईटी ने आरोपी पति समर्थ सिंह को बुधवार को भोपाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई की टीम समर्थ को लेकर उसके घर पहुंची है। घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है।



वहीं, रिटायर्ड जज और सास गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका पर एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस देवनारायण मिश्र की अदालत में सुनवाई हो रही है। एमपी सरकार और ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई थी। ट्विशा के पिता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पैरवी की। सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एजी) प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा- अदालत देख सकती है कि जमानत की शर्तों का कितनी बर्बरता से उल्लंघन किया गया। नोटिस जारी होने की तारीखें रिकॉर्ड में हैं। अदालत स्वयं उन्हें देख सकती है। तारीखों की सूची का हवाला दे रहा हूं। हम आरोपियों की तरह ट्रायल कोर्ट में अजीब सामग्री पेश नहीं कर रहे हैं। एजी ने यह भी कहा कि मैं केवल केस डायरी में मौजूद दस्तावेज को ही पढ़ रहा हूं, ताकि अदालत को सुविधा हो। इस पर आरोपी पक्ष के वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा- हमने यह सामग्री नहीं देखी है। आपको हमें यह दिखाना होगा। जवाब में एजी ने कहा, आप जांच में सहयोग करेंगे, तब हर सामग्री मिल जाएगी। यह सब केस डायरी का ही हिस्सा है। आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया- दो बार नोटिस भेजे गए, लेकिन आरोपी पक्ष ने नोटिस लेने से भी इनकार कर दिया। बाद में व्हाट्सएप पर नोटिस भेजना पड़ा। एफआईआर के एक घंटे में मिल गई अग्रिम जमानत- एडीजी ने कहा कि इतनी गंभीर एफआईआर दर्ज होने के सिर्फ एक घंटे के भीतर जमानत दे दी गई, जबकि जांच शुरूआती चरण में थी। आरोपी का रवैया लुका-छिपी जैसा- एडीजी बोले कि आरोपी जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुई और लगातार बचने की कोशिश करती रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए समय, जांच के लिए नहीं- आरोपी सार्वजनिक मंचों पर सक्रिय रहीं, उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, लेकिन जांच में सहयोग नहीं किया। ट्रायल कोर्ट ने गंभीर आरोप नजरअंदाज किए- ट्रायल कोर्ट ने केस डायरी और अभियोजन की सामग्री को नजरअंदाज कर आरोपी पक्ष के दस्तावेजों पर ज्यादा भरोसा किया। एफआईआर दर्ज कराने में देरी हुई- पीड़ित परिवार लगातार एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश करता रहा, लेकिन मामला 15 मई को दर्ज हुआ। इतनी जल्दी जमानत कैसे मिल गई- एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद आखिर ऐसी कौन-सी जांच हुई, जिससे अदालत ने मान लिया कि कस्टोडियल पूछताछ की जरूरत नहीं है। आरोपी घटना वाले घर में ही रहे- 12 मई से 15 मई तक आरोपी उसी घर में रहे, जहां घटना हुई थी। सीबीआई जांच शुरू होने तक भी वे वहीं मौजूद थे। सिर्फ उम्र जमानत का आधार नहीं- सिर्फ 63 साल उम्र होना जमानत का आधार नहीं हो सकता। हर सास लगभग इसी उम्र की होती है। आरोपी प्रभावशाली और सिस्टम समझने वाले लोग हैं- सास गिरिबाला सिंह रिटायर्ड जज हैं और दूसरा आरोपी वकील है।

# मीरा रोड की सोसायटी में नहीं होगी बकरों की कुर्बानी, हिंदू संगठनों ने सूअर लाकर किया था उग्र प्रदर्शन



### -पुलिस लाठीचार्ज के बाद प्रशासन ने बकरों को कराया शिफ्ट

( यंग भारत न्यूज )

बकरों को सोसायटी से बाहर शिफ्ट कर दिया गया और ये साफ हो गया कि पूनम क्लस्टर सोसायटी में बकरों की कुर्बानी नहीं होगी। मुंबई से सटे मीरा रोड इलाके की पूनम क्लस्टर सोसायटी में बकरीद (ईद-उल-अजहा) से पहले बकरों को लाने और उनके लिए अस्थायी शेड बनाने को लेकर दो समुदायों के बीच भारी बवाल हो गया। सोमवार रात से शुरू हुआ यह विवाद मंगलवार (26 मई 2026) को हिंसक झड़प और उग्र प्रदर्शन में तब्दील हो गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया। हालाँकि बाद में बकरों को सोसायटी से बाहर शिफ्ट कर दिया गया और ये साफ हो गया कि पूनम क्लस्टर सोसायटी में बकरों की कुर्बानी नहीं होगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, विवाद की शुरुआत 25 मई को तब हुई जब मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने सोसायटी परिसर में बकरों के लिए एक अस्थायी शेड का निर्माण किया। स्थानीय हिंदू निवासियों और दक्षिणपंथी संगठनों ने आवासीय परिसर के भीतर इस पर कड़ा ऐतराज जताया। विरोध बढ़ता देख नगर निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस शेड को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, जब दोबारा शेड बनाने का प्रयास हुआ तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। मंगलवार सुबह माहौल उस वक्त और तनावपूर्ण हो गया जब 'सकल हिंदू समाज' और 'बजरंग दल' के कार्यकर्ता सोसायटी के बाहर इकट्ठा हो गए। प्रदर्शनकारियों ने वहाँ हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इतना ही नहीं विरोध स्वरूप कुछ कार्यकर्ता बकरा मंडी के पास एक सूअर भी लेकर पहुँच गए। प्रदर्शनकारियों का तर्क था कि अगर आवासीय परिसर में बकरे लाए जा सकते हैं, तो सूअर क्यों नहीं? भीड़ को बेकाबू होता देख और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। मामले को शांत कराने के लिए पुलिस और नगर निगम के आला अधिकारियों ने तुरंत एक बैठक बुलाई। प्रशासन की सूझबूझ और दोनों पक्षों से बातचीत के बाद बकरों को टेंपो में लादकर सोसायटी से नगर निगम द्वारा तय की गई दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम पर स्थिति स्पष्ट करते हुए मीरा-भायंदर के डीसीपी राहुल चौहान ने कहा, 'पूनम क्लस्टर सोसायटी में, कुछ निवासी ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी के लिए परिसर में बकरे लाए थे। इस पर कुछ अन्य निवासियों ने आपत्ति जताई थी। इन आपत्तियों को प्राप्त करने के बाद, प्रशासन ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई। इसके बाद नगर निगम ने इस उद्देश्य के लिए एक विशिष्ट स्थान नामित किया। सोसायटी के भीतर, परिसर से बकरों को हटाने और उन्हें नगर निगम द्वारा नामित स्थल पर भेजने के लिए एक आम सहमति बन गई। बकरों को अब सोसायटी से हटाकर नामित नगर निगम स्थल पर स्थानांतरित कर दिया गया है, और वर्तमान में यहाँ कोई समस्या नहीं है।'

# रहस्यमई देश से भाग आई लड़की, फिर बताई खौफनाक कहानी, तानाशाह की क्रूरता सुन कांप गया कलेजा!

( यंग भारत न्यूज )



कोरिया दुनिया के सबसे बंद और रहस्यमयी देशों में से एक है. वहां की सच्चाई बाहर आना बेहद मुश्किल है क्योंकि तानाशाह किम जोंग उन की जासूसी और दमनकारी व्यवस्था हर नागरिक पर नजर रखती है. लेकिन कुछ साहसी लोग इस नर्क से भाग निकलते हैं और पूरी दुनिया को वहां की भयानक हकीकत बताते हैं. हाल ही में एक युवती ने सोशल मीडिया पर अपनी खौफनाक कहानी शेयर की है जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा कांप जाएगा. इस लड़की ने खुलासा किया कि नॉर्थ कोरिया में हर घर में किम परिवार की तस्वीरें अनिवार्य रूप से लगाई जाती हैं. इन तस्वीरों पर अगर जरा सी भी धूल पड़ जाए तो पूरा परिवार सजा का हकदार हो जाता है. इंस्पेक्टर अचानक घरों में छापा मारते हैं और अगर धूल मिली तो परिवार को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है या जेल भेज दिया जाता है. लोग रोजाना इन तस्वीरों को खास कपड़े से साफ करते रहते हैं क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही उनकी पूरी जिंदगी तबाह कर सकती है. सबसे भयानक सच्चाई है वहां की युवतियों के साथ होने वाला शोषण. लड़की ने बताया कि हर साल देशभर से खूबसूरत, स्वस्थ और वर्जिन लड़कियों को चुना जाता है. इन्हें 'प्लेजर स्क्वॉड' या 'किप्पुमजो' में भर्ती किया जाता है. स्कूलों में अधिकारियों की टीम आती है, लड़कियों की शारीरिक जांच होती है और राजनीतिक रूप से वफादार परिवारों की लड़कियों को प्राथमिकता दी जाती है. चुनी गई लड़कियों को खास ट्रेनिंग दी जाती है. इनमें नाच-गाना, मसाज और यौन सेवाएं शामिल हैं. ये लड़कियां उच्च अधिकारियों और तानाशाह के करीबियों की कामवासना पूरी करने के लिए रखी जाती हैं. विरोध करने वाली लड़कियों को मौत की सजा या राजनीतिक जेल कैंप में भेज दिया जाता है जहां यातनाएं इतनी भयानक होती हैं कि मौत बेहतर लगती है.

# कलेक्ट्रेट में बुज़ुर्ग ने खाया जहर...एंबुलेंस बुलाने की बजाय तहसीलदार मैडम फोटो खींचने लगी, तड़प तड़प कर तोड़ा दम

( यंग भारत न्यूज )



**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान कथित तौर पर ज़हर खाने और बाद में इलाज के दौरान मौत हो जाने की घटना के एक दिन बाद, परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

मृतक की पहचान देवेंद्र गोयल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मंगलवार को अपनी दुकान पर कथित अतिक्रमण के संबंध में शिकायत दर्ज कराने कलेक्ट्रेट गए थे। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि उन्होंने पहले भी कई बार प्रशासन से संपर्क किया था, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। रिश्तेदारों के अनुसार, अधिकारियों की कथित निष्क्रियता से परेशान होकर गोयल ने साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में ही ज़हर खा लिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में वृद्ध तड़पता रहा और श्योपुर की तहसीलदार मनीषा मिश्रा एंबुलेंस बुलाने की बजाय अपने मोबाइल से सिर्फ फोटो खींचती रहीं और वृद्ध से बोलीं- तुमने 'क्या खाया है, जब वृद्ध ने बोतल की तरफ इशारा किया तो मैडम बोलीं ये तो बोतल पड़ी है' इसका चेकअप कराओ ऐसे ही थोड़ी जबरदस्ती किसी...बताया जा रहा है कि बाद में मौजूद अन्य लोगों ने एम्बुलेंस बुलवाई और जिला अस्पताल देवेंद्र गोयल को पहुंचाया गया मगर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, अब तहसीलदार का ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है बुधवार सुबह अग्रवाल समुदाय के सदस्य और स्थानीय निवासी श्योपुर शहर में 'जय स्तंभ' पर इकट्ठा हुए और शव के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार मनीषा मिश्रा के खिलाफ नारे लगाए और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की। इस आंदोलन से शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़कों को जाम कर दिया और आंदोलन के समर्थन में कई इलाकों में बाज़ार बंद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान परिवार के एक सदस्य ने आरोप लगाया, 'हमने अधिकारियों से इस मामले को सुलझाने के लिए बार-बार गुहार लगाई, लेकिन किसी ने भी उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। वह लंबे समय से तनाव में थे।' एसडीएम गगन मीणा सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विरोध स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन वापस लेने से इनकार कर दिया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला! चुनाव आयोग की उस 'स्पेशल पावर' को मंजूरी जिससे दहल उठा विपक्ष!

( यंग भारत न्यूज )



**पटना।** बिहार के सियासी गलियारों से लेकर देश की सर्वोच्च अदालत तक जिस एक फैसले का महीनों से इंतजार था, आखिरकार बुधवार, 27 मई 2026 को उस पर से पर्दा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले एक बेहद संवेदनशील मामले में अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। आइए, इस बड़े फैसले और इसके पीछे छिपे कानूनी व राजनीतिक सस्पेंस को पॉइंटर्स के जरिए विस्तार से समझते हैं।

सुप्रीम कोर्ट का महा-फैसला: क्या चुनाव आयोग ने लांघी थी अपनी लक्ष्मण रेखा?

सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट का 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न' करने के भारत निर्वाचन आयोग के विशेषाधिकार को पूरी तरह से वैध और सही ठहराया है।

संवैधानिक आदेश की जीत: चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने साफ कहा कि चुनाव आयोग की यह विशेष प्रक्रिया 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक आदेश के बिल्कुल अनुरूप है।'

अधिकार क्षेत्र का विवाद खत्म: कोर्ट ने विपक्ष और एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की उन दलीलों को खारिज कर दिया, जिसमें इसे 'अधिकार-क्षेत्र से बाहर' बताया जा रहा था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एसआईआर, सामान्य वोटर लिस्ट रिवीजन से अलग और विशेष परिस्थितियों के लिए है।

बिहार का वो '65 लाख' का आंकड़ा: आखिर क्यों खड़ा हुआ था इतना बड़ा बवंडर?

इस पूरे कानूनी विवाद की जड़ें बिहार से जुड़ी थीं, जहां पहले चरण के तहत यह विशेष अभियान चलाया गया था।

रातों-रात गायब हुए नाम: चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बाद जब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, तो देश चौंक गया। इस लिस्ट से करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे।

पुश्तैनी रिश्ते का पेंच: आयोग की अधिसूचना में एक ऐसी शर्त थी जिसने सस्पेंस और डर का माहौल बना दिया था। शर्त यह थी कि जो वोटर साल 2002 या 2003 की वोटर लिस्ट में मौजूद नहीं थे, उन्हें लिस्ट में शामिल रहने के लिए अपने किसी पुश्तैनी रिश्तेदार का प्रमाण देना था जो उस समय सूची में दर्ज था।

प्रशांत भूषण के तीखे सवाल: छ्रक्की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट में इस समय-सीमा और मृत या पलायन कर चुके घोषित किए गए 65 लाख वोटरों के डेटा की प्रामाणिकता पर गंभीर सवाल उठाए थे।

अगला निशाना उत्तर प्रदेश और पंजाब? जून से शुरू होने वाले तीसरे चरण का पूरा सच

बिहार के बाद अब देश के सबसे बड़े राज्य इस कड़े और विशेष टेस्ट से गुजरने वाले हैं, जिससे राजनीतिक दलों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

मिशन 2027 की तैयारी: चुनाव आयोग ने जून से अक्टूबर 2026 के बीच एसआईआर के तीसरे चरण का खाका तैयार किया है। इसके रडार पर उत्तर प्रदेश और पंजाब जैसे राज्य हैं, जहां 2027 में बेहद महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव होने हैं।

फर्जी वोटरों पर सर्जिकल स्ट्राइक: आयोग का मुख्य उद्देश्य चुनावों से ठीक पहले डुप्लीकेट नामों को हटाना और मतदाता सूची की 100% सटीकता सुनिश्चित करना है।

पारदर्शिता बनाम मताधिकार का सस्पेंस: निष्पक्षता के बीच क्यों उठ रहे हैं गंभीर सवाल?

सुप्रीम कोर्ट ने भले ही आयोग के फैसले को 'आनुपातिकता के सिद्धांत' के तहत सही माना हो, लेकिन इस प्रक्रिया ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है:

विपक्ष का डर: विपक्षी दलों का आरोप है कि इस बेहद कड़े और गहन संशोधन की आड़ में वैध और असली मतदाताओं को भी असंगत रूप से निशाना बनाया जा रहा है, जिससे वे अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

चयन समिति पर कोर्ट की चिंता: एक तरफ कोर्ट ने चुनाव आयोग के अधिकारों को सही ठहराया, तो दूसरी तरफ चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल में कैबिनेट मंत्री को शामिल किए जाने पर चिंता भी जताई। कोर्ट ने माना कि एक मंत्री शायद प्रधानमंत्री के विचारों का विरोध न कर पाए, जिससे चयन की निष्पक्षता पर असर पड़ सकता है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किये जायेंगे बिभिन्न कार्यक्रम

- भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न
- 5 जून से 21 जून तक होंगे कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गयी।कार्यशाला के शुभारंभ मे सबसे पहले पं दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के बाद वंदेमातरम का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने भाजपा के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण 7 जून को हो रहे है यह 12 वर्ष विश्वास के , विकास के एवं जन कल्याण के हैं। हम सबके लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार ने गरीब, शोषित, वंचित एवं किसानों के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है ओर सभी को इसका लाभ मिल रहा है जन कल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत को तीव्र गति मिल रही है।जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक भारतीय जनता पार्टी के बिभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसकी जिम्मेदारी पदाधिकारियों को दे दी गई है। जिला उपाध्यक्ष चंचल कंथरिया ने आगामी 31मई रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सफल बनाने के लिए विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री झांसी जिला के प्रभारी संत विलास शिवहरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्देशानुसार 5 जून से 21 जून तक संगठन बिभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। जिसका शुभारंभ 5 जून को एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ शुभारंभ किया जायेगा। यह बृक्षारोपण कार्यक्रम मण्डल स्तर तक चलाया जायेगा। 13 से 14 जून के मध्य मे जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री की उपस्थिती मे मीडिया से संवाद किया जायेगा। 14 जून से 16 जून तक ब्लॉक वार जन कल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे। 16 जून से 17 जून के मध्य जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने पदाधिकारियों से कहा कि वह किसानों को जैविक आधार पर खेती करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि खेतों मे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनाये रखने के लिए गोबर की खाद, केंचुआ खाद बहुत जरूरी है कीटनाशक दबा से किसान कैसे बचे इसके लिए किसानों को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, राज्य महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी, जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, डा अनिल राज,छत्रपाल सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष चन्द्रजीत सिंह गुर्जर, अमित चौरसिया, सतेन्द्र खरे, नेहिल सिंघई, जिला मंत्री यशोदा कुशवाहा, यज्ञेश यादव, मनीष वर्मा, हाकिम सिंह चौहान, दीपक त्रिपाठी,कृष्ण चन्द्र तिवारी, टीकाराम पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुरसरांय, जयचंद राजपूत अध्यक्ष नगर पंचायत एरच, पुष्पेंद्र दुबे, सुरेंद्र मोहन पाठक संजीव चतुर्वेदी,वीर प्रताप सिंह चौहान, मुकेश पटेल, संजय गुप्ता, गुरदीप सिंह गुर्जर, पवन बुलकिया, अजय राय, रवि गोयल, पंकज आर्य, महेंद्र सिंह राजपूत अनुज मिश्रा, लोकेन्द्र सिंह, सुनील लोधी, बैभव, राजेंद्र कुशवाहा अध्यक्ष नगर पंचायत टोड़ी फतेहपुर, प्रवीण बुधौलिया, उमेश सिंह, मनोज अहिरवार, केशवेन्द्र सिंह, हरी बाबू, कमलेश गौतम, मनोज कुमार जैन, आदि उपस्थित, रहे।कार्यक्रम का संचालन संयोजक सहजेन्द्र सिंह बघेल ने किया।

# चकाडोरी धाम पर कृष्णजन्म के उत्सव में सराबोर हुए श्रोता

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** सिद्ध स्थान चका डोरी धाम पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्म की कथा में श्रोता भाव विभोर होकर नाच उठे। कृष्णजन्म की कथा सुनाते हुए भागवत कथा के विख्यात वक्ता भागवत भूषण पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म पर नंद बाबा ने इतना सोना चांदी बांटा कि मांगने वालों की झोली में नहीं बन रहा वह बिखर कर ब्रज की गलियों में बिखर रहा।मानो स्वयं लक्ष्मी प्रकट होकर अपने प्रियतम के जन्म उत्सव में ब्रज की गलियों में नृत्य कर रही हो।

नंद महोत्सव में बधाइयों की प्रस्तुति पर श्रोता जमकर नाचे। भागवत कथा का पूजन चका डोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज ने किया। भागवत का मूल पाठ आचार्य दुर्गेश द्विवेदी ने किया।पूजन पं दीपक तिवारी ने कराया। ऑर्गन पर अनुज गोस्वामी, हारमोनियम पर आशीष तिवारी,तबला पर मनोज भण्डारया ,बेंजो पर दीपक नागर,ढोलक पर अमित चौबे,पैड पर राधा मोहन दुवे ने संगत की। : इस मौके पर यज्ञ के आयोजक महंत राकेशदास, महंत केशवदास जी महाराज इसकिल पट्ठा, भाजपा नेता प्रतिपाल सिंह राम जी परिहार,गुरसरांय चेयरमैन जयपाल सिंह राजू चौहान,भाजपा महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी,सत्यप्रकाश तिवारी सिया,चंद्रप्रकाश द्विवेदी, शशिकांत तिवारी, महेशचंद्र विदुआ, विकास तिवारी सिया, कैलाश तिवारी, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, दिनेश अग्रवाल ,ओमप्रकाश मिश्रा,सुरेश मिश्रा,हरी सिंह यादव,अरविन्द गुप्ता, श्याम सिंह यादव खरका,हेमंत यादव,राम कुमार उपाध्याय, विश्वनाथ यादव,लला यादव कचीर,छत्रपाल सिंह,रविन्द्र नायक,रघुबीर खरे,चतुर सिंह,पीतम यादव,राधे पंडा ,सुरेश आमली आदि मौजूद रहे।

# 66वाँ संगीतमय श्री रामचरित मानस सम्मेलन समारोह के चतुर्थ दिवस में समस्त भक्तों ने श्रवण किए प्रवचन

## रामकथा के रसिया है श्री हनुमान जी महाराज - विश्वभूषण दास

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी** – प्रेमनगर नगरा में स्थित कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज परिसर में श्रीरामचरित मानस समिति के तत्वावधान में 66वाँ संगीतमय श्री रामचरित मानस सम्मेलन के चतुर्थ दिवस में समस्त भक्तों ने प्रवचन श्रवण किए। सर्वप्रथम विधि–विधान से पूजन–अर्चन एवं आरती की गयी व उसके पश्चात प्रवचन श्रवण कराते हुए पूज्य आचार्य राकेश जी महाराज मानस मराल वृंदावन धाम ने कहा कि हिंदू धर्म में भगवान श्री हनुमान जी की पूजा सभी संकटों, शोक, भय और रोग आदि को दूर करने वाली मानी गई है. सप्तचिरंजीवी में से एक श्री हनुमान जी एक ऐसे देवता हैं जो हर युग में मौजूद रहते हैं और अपने भक्तों के जीवन में सब मंगल ही मंगल करते है और पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य विश्वभूषण दास जी महाराज ने कहा कि श्री हनुमान जी महाराज रामकथा के रसिया है और साथ ही राम–केवट संवाद का प्रसंग सुनकर श्रोता आनंदित हो गए। और पूज्य साध्वी आस्था दुबे मानस पीयूष जबलपुर ने कहा रामायण या श्रीरामचरितमानस में शूर्पणखा प्रसंग बहुत ही शिक्षाप्रद और महत्वपूर्ण घटना है। शूर्पणखा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इंद्रियों के प्रति अत्यधिक आसक्ति और अहंकार विनाश का कारण बनते हैं, और प्रभु की शरण में जाने पर ही जीव का सच्चा कल्याण संभव है। तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से पं.मैथलीशरण मुदगिल वरिष्ठ समाजसेवी, ठा.अरुण सिंह, डॉ.जितेंद्र कुमार तिवारी, कैलाश नारायण मालवीय, नागेश चंद्र तिवारी, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, श्रवण तिवारी पूर्व सभासद, ओमप्रकाश दुबे, आत्माराम सिरोठिया, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, हरिशंकर शर्मा, भगवती प्रसाद पांडेय, कुलदीप अवस्थी, रानू महाराज सहित आदि भक्तगण लोग उपस्थित रहे। व कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया अंत मे आभार ज्ञापन समिति अध्यक्ष पं.श्याम सुंदर अवस्थी ने किया।

# ट्रक की टक्कर से मां बेटे की मौके पर मौत, पति और दो बच्चियां घायल

## जनपद हमीरपुर में साले को पुत्र प्राप्ति पर अंगनी (बधाई)बजाने जा रहे थे

- तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी दुर्घटना में पति पत्नी सहित मासूम बेटा और दो मासूम बच्चियां घायल हो गई
- डेढ़ साल के मासूम की मौके पर ही मौत हो गई घायल महिला को चिकित्सक ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा** –कॉलिंजर थाना क्षेत्र के कटरा कॉलिंजर निवासी कमल कुमार पुत्र लाला बसोर अपनी पत्नी सुनीता 35 वर्ष, डेढ़ साल के बेटे शिवांश, व बेटी शिवानी 4 वर्ष शिवांगी 3 वर्ष को बाइक में बैठाकर अपनी ससुराल निवाइच जिला हमीरपुर जा रहा था।दोपहर बाद लगभग साढ़े चार बजे यह गांव के रास्ते से जैसे ही बाँदा–सतना मुख्य मार्ग पर पहुचा तभी मुख्य मार्ग में स्थित डाक बंगला के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने इन्हें सीधी टक्कर मार दी।जिससे सभी बाइक सवार गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभालने के साथ थाना पुलिस को फोन कर सूचना दे दी।कॉलिंजर थाने के सिपाही यादवेंद्र सिंह व आदर्श मिश्रा तत्काल मौके पर पहुचे और सभी घायलों को अपनी सरकारी जीप में लादकर सीएचसी पहुचाया।अस्पताल की चिकित्सक डॉ माया ने देखते ही सुनीता और मासूम शिवांश को मृत घोषित कर दिया।घायल कमल कुमार वशिवानी, शिवांगी का सीएचसी में इलाज किया गया है।इन तीनो को खतरे से बाहर बताया है।घायल कमल कुमार ने बताया कि उसकी ससुराल निवाइच में सरहज के लड़का पैदा हुआ है सभी लोग बाइक से बधाई बजाने जा थे।कॉलिंजर थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना करने वाले चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया गया है।मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।माँ बेटे के दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर पीड़ित परिवारों को राहत

**-एसडीएम उरई ने पहुंचकर सौंपी आर्थिक सहायता**
**- ग्राम टीकर अग्निकांड में प्रशासन बना सहारा, प्रभावित परिवारों को मिली आर्थिक मदद व राहत सामग्री**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकासखंड डकोर के ग्राम टीकर में बीते दिवस अज्ञात कारणों से दो घरों में आग लगने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को 24 घंटे के भीतर सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिसके क्रम में प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई की।

उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह ने मौके पर पहुंचकर आग से प्रभावित कमलेश पत्नी पुनु तथा कस्तूरी पत्नी शिवकुमार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। उप जिलाधिकारी द्वारा दोनों पीड़ित परिवारों को 1 लाख 20 हजार, एक लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही परिवारों के लिए दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री किट भी उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को शासन स्तर से अनुमन्य हर संभव सहायता प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है और किसी भी पीड़ित को असहाय नहीं छोड़ा जाएगा।

# दीरेंद्र चौधरी छिरोरा बने बसपा के मऊरानीपुर बिधान सभा अध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार, मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईया व मुख्य मंडल प्रभारी कैलाश पाल मंडल प्रभारी मिथिलेश पाल, संतोष राज वर्मा, मऊरानीपुर विधानसभा प्रभारी सत्ती दीन श्रीवास, संतराम भटपुरा की संस्तुति पर 224 मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष दीरेंद्र चौधरी छिरोरा को मनोनीत किया गया है। आपको बनाए जाने पर आप बहुजन समाज पार्टी व महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। इस आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष बी डी फुले ने

# गर्मी से बचाव हेतु युवाओं द्वारा शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नगर के झंडा चौराहे के पास युवाओं द्वारा शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शीतल शर्बत वितरण के दौरान राहगीरों, वाहन चालकों और बाजार आने–जाने वाले लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया। झंडा चौराहे के पास सघन माहेश्वरी के प्रतिष्ठान के बाहर आयोजित इस सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर था और लोग तेज गर्मी से परेशान नजर आ रहे थे, तब शर्बत पीकर लोगों को राहत मिलती नजर आई। युवाओं ने राह चलते लोगों को रोककर उन्हें शर्बत पिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक, बाइक सवार, व्यापारी और राहगीरों ने शर्बत पिया और युवाओं की इस पहल की सराहना की।

# कबाड़े का व्यापार है टैक्स चोरी का बड़ा जरिया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** नगर के कबाड़ व्यापार में जमकर जीएसटी चोरी कर राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से व्यापार करने वाले दुकानदार बेखौफ होकर कबाड़ के कारोबार में जीएसटी चोरी में लगे हैं।

नगर मध्यप्रदेश की सीमा से जुड़ा होने के कारण जीएसटी चोरी का गढ़ बनता जा रहा है। नगर में कई व्यापारी लोहा व अन्य वस्तुओं के कबाड़ का कारोबार कर रहे हैं। इन व्यापारियों के लगभग प्रतिदिन ही कबाड़ से लदे ट्रक ग्वालियर, अलीगढ़, कानपुर आदि स्थानों पर टैक्स चोरी कर व फर्जी कागजों के जरिए भेजे जा रहे हैं। नगर के कबाड़ का लाखों का कारोबार किया जा रहा है। जिसमें से अधिकांश दुकानदार जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हैं। फर्जी कागजातों के सहारे कबाड़ को बाहर भेजकर सरकार को लाखों रुपयों का राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। नगर के कबाड़ के थोक व्यापारी चोरी के सामान को भी खफाने का काम कर रहे हैं। कबाड़ का सामान लेकर जाने वाले ट्रकों को कमाई का जरिया बना लिया गया है। जिसके चलते अधिकारी भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। व्यापार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नगर जालौन में प्रत्येक माह लाखों की टैक्स चोरी की जा रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नही दे रहा है। विभागीय उदासीनता के चलते सरकार राजस्व के रूप में जी एस टी चोरी का सिलसिला लगातार बेरोकटोक चल रहा है। असिस्टेंट कमिश्नर विपिन सोनकर ने बताया कि वह उरई कार्यालय से बात कर कार्यवाही की जाएगी।

# एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुलिया बनवाने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** बंबा किनारे घर बने होने के चलते मोहल्ले के लोगों को बंबा पार करके जाना पड़ता है। यहां पुलिया न होने से लोगों को दिक्कत होती है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुलिया बनवाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला नया रावतान मौजा धौरा खेड़ा बाहर हद निवासी जीशुफ, दीपू, जाकिर, रसीद, मेंहदी, याकूब, देवेश, मन्नू आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके घर बंबा किनारे बने हैं। उन्हें मुख्य सड़क से बंबा पार करके अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है। वर्तमान में बंबा पार करने के लिए वह बंबा पर लकड़ी के पटिए रखे हैं। जिनसे निकलते समय पटियों के खिसकने का डर बना रहता है। इनसे ही होकर बच्च्रे और महिलाएं भी निकलते हैं। ऐसे में कभी भी दुर्घटना होने का डर सताता रहता है। यदि बंबा पर पुलिया बनवा दी जाती है तो लोगों को निकलने में सहूलियत होगी और किसी भी प्रकार भय भी नहीं होगा। उन्होंने एसडीएम से जनहित को देखते हुए उक्त स्थान पर पुलिया बनवाने की मांग की है।

# निर्माण सामग्री डाल कर रोड कर दिया अवरुद्ध

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** गांव में स्थित छोटी माता मंदिर के आम रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने मकान की निर्माण सामग्री कर रास्ता में अवरोध पैदा कर रहे हैं। ग्रामीण ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को प्रत्यावेदन देकर मंदिर जाने के आम रास्ता को खाली कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के औरेखी निवासी कौशलेंद्र सिंह राजावत पुत्र विनोद कुमार सिंह ने एक प्रत्यावेदन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को देकर बताया कि उनके घर के सामने मां दुर्गा का छोटी माता मंदिर स्थित हैं। मंदिर में गांव के लोग पूजा–अर्चना करते आते हैं। मंदिर के आम रास्ते में गांव के लोगों ने भवन निर्माण सामग्री ईटा, गिट्टी व बालू डाल दी। भवन निर्माण सामग्री रखने के कारण आम रास्ते में अवरोध पैदा हो गया है जिससे मंदिर में पूजा अर्चना करने आने वाली महिलाओं को परेशानी हो रही है ।ग्रामीण ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मंदिर के आम रास्ते के अवरोध समाप्त कराने की मांग की है।

# पुण्यतिथि

**यंग भारत परिवार की भी सादर श्रद्धांजलि**




मेरीमाता श्रीमती स्व सुशीला देवी राजावत जी की आज 27 मई को 19 वीं पुण्यतिथि पर, हम उनके त्याग और संस्कारों को पुन: स्मरण करते हुए, उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उनके स्नेह और मार्गदर्शन की विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहेगी। उनकी यादें मातृत्व स्नेह हमारे दिलों में सदा जीवित रहेंगी उनके दिए संस्कार हमें सकारात्मकता की दिशा में आगे बढ़ने की शक्ति देंगी।

स्व मां के चरणों मे हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है राघवेंद्र सिंह राजू

सपूज्यनीय समेरीमांससअश्रुपूरीतश्रद्धांजलि

# पं रामकृष्ण व्यास ने बाल लीलाओं का किया वर्णन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम कठऊपहाड़ी यज्ञ हरि शरण जी महाराज जी के सानिध्य में चल रहे श्री राम महायज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा प्रवक्ता – स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास जी महाराज ( बकायन )ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के घर दूध दही माखन मिश्री की कमी नही थी,लेकिन ब्रज की गोपियाँ भगवान को अपने हाथों से माखन खिलाना चाहती थीं इसलिए भगवान ने माखन चोरी को माध्यम बनाकर गोपियों के मनोरथ पूर्ण किया। कथा में ऑर्गन पर सतीश पटेल,ढोलक पर स्वदेश परिहार ने संगत की। श्री राम यज्ञ के आचार्य पं पंकज बाजपेयी पं विमल बाजपेई संतोष बाजपेई जी पंडित आशुतोष तिवारी जी अंशुमणि शुक्ला जी पारसमणी शुक्ला जी कृष्णा गौतम नमन गौतम आदि विद्वानो द्वारा यज्ञ हवन कराया जा रहा है।मुख्य बेदी यजमान – अरविंद यादव कथा परीक्षित सूरज सिंह यादव ने आरती की। इस मौके पर देवेंद्र सिंह यादव सरपंच वीरु पांचाल जी एवं समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718